संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

पूर्णिया ,बुधवार 24 सितंबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 184






"पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकेरुता।
प्रसीद तु महादेवि चामुण्डे मुनिवन्दिते॥"

**शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी की विधि-विधानपूर्वक पूजा सम्पन्न हुई। शंख ध्वनि और वैदिक मंत्रों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आज नवरात्रि के तीसरे दिन शक्ति की तीसरी स्वरूपा माँ चंद्रघंटा की आराधना की जाएगी। इनके मस्तक पर आधे चंद्रमा के आकार का घण्टा सुशोभित है, इसलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। मान्यता है कि इनकी उपासना से भय दूर होता है, साहस की प्राप्ति होती है और साधक शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता है।**

# प्रधानमंत्री बिहार की 75 लाख महिलाओं के खाते में भेजेंगे 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार' योजना की राशि

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार' योजना के तहत 26 सितंबर को जारी होगी पहली किस्त

**पटना,** (हि.स.)। बिहार सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत 26 सितंबर से करने का ऐलान किया है। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार की एक पात्र महिला को स्वरोजगार के लिए 10 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन जुड़ेंगे और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्य अतिथि होंगे।

**2. लाभार्थियों की संख्या :** राज्य की 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये सीधे डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित किए



जाएंगे। इस योजना के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की कुल 1 करोड़ 11 लाख से अधिक महिलाओं ने आवेदन किया है।

**5. आवेदन की वर्तमान स्थिति** ग्रामीण क्षेत्रों से अब तक 1 करोड़ 7 लाख महिलाएं और शहरी क्षेत्रों से 4 लाख 66 हजार महिलाएं आवेदन कर चुकी हैं। इसके अलावा, 1 लाख 40 हजार ग्रामीण और 4 लाख 4 हजार शहरी महिलाएं समूह से जुड़ने के लिए आवेदन कर चुकी हैं।

**6. योजना का उत्सव स्वरूप आयोजन :** ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस अवसर को संकुल और ग्राम संगठन स्तर पर उत्सव के रूप में मनाया जाए। इससे महिलाओं में योजना के प्रति उत्साह बढ़ेगा और इसका प्रभाव व्यापक स्तर पर दिखाई देगा।

**1. योजना का उद्देश्य :** इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने, छोटे व्यवसाय स्थापित करने और मौजूदा व्यवसाय बढ़ाने में सहायता प्रदान करना है। राशि का उपयोग महिलाएं खेती, पशुपालन, हस्तशिल्प, सिलाई-बुनाई और अन्य लघु उद्यमों में कर सकेंगी। इससे न केवल महिलाएं स्वावलंबी बनेंगी, बल्कि उनके परिवार भी आर्थिक रूप से सशक्त होंगे।

**3. ग्रामीण क्षेत्र की आवेदन प्रक्रिया :** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं, जो स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़ी हैं, अपने ग्राम संगठन में आवेदन जमा करेंगी। समूह में शामिल नहीं हुई महिलाओं को पहले एसएचजी से जुड़ना होगा और फिर आवेदन देना होगा। ग्राम स्तर पर समूह के सभी सदस्यों का आवेदन समेकित प्रपत्र में लिया जाएगा।

**4. शहरी क्षेत्र की आवेदन प्रक्रिया :** शहरी क्षेत्र की महिलाएं जीविका की आधिकारिक वेबसाइट www.brlps.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। पहले से स्वयं सहायता समूह से जुड़ी शहरी महिलाएं ऑनलाइन आवेदन नहीं करेंगी।

**01: राज्य की 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में सीधे डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित होगी।**

**02 : ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं एसएचजी से जुड़कर अपने ग्राम संगठन में आवेदन करेंगी।**

**03: शहरी महिलाएं www.brlps.in वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।**

**04 : योजना का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार शुरू कर स्वावलंबी और परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।**

# फिल्मों की लोकप्रियता अच्छी, पर जनहित और युवाओं के लिए दिशा होना और भी बेहतर : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में भारतीय सिनेमा की सामाजिक और राष्ट्रीय भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सिनेमा केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने और नागरिकों को संवेदनशील बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने फिल्म उद्योग से आग्रह किया कि वे भारतीय सिनेमा की वैश्विक पहचान बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करें।

**दादा साहेब फाल्के पुरस्कार मोहनलाल को :** इस अवसर पर वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार अभिनेता मोहनलाल को प्रदान किया गया। राष्ट्रपति ने कहा कि मोहनलाल ने अपने अभिनय में भावनाओं के कोमलतम और कठोरतम रूपों को सहजता से अभिव्यक्त कर उत्कृष्ट अभिनय की मिसाल पेश की।

**महिला केंद्रित फिल्मों का सम्मान :** राष्ट्रपति ने



महिला केंद्रित फिल्मों के निर्माण और उनके पुरस्कार प्राप्त करने पर संतोष जताया। उन्होंने ऐसे फिल्मकारों की सराहना की, जो माताओं, महिलाओं की सामाजिक जद्दोजहद और पितृसत्ता के खिलाफ साहसपूर्ण कहानियों को पर्दे पर जीवंत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सिनेमा स्थानीय जड़ों के बावजूद राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान रखता है।

# महिलाओं को अधिक आरक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है उद्देश्य : मुख्यमंत्री नीतीश

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)।

- **महिलाओं को रोजगार और अधिक आरक्षण**
- **पेंशन और मुफ्त बिजली की सुविधा**
- **सीतामढ़ी में माता सीता मंदिर निर्माण**

-बंजरिया प्रखंड के चैलाहा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि डबल इंजन सरकार में बिहार का विकास तेज़ गति से आगे बढ़ रहा है। महिलाओं



को पुरुषों की तुलना में अधिक आरक्षण मिलने से वे हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में सड़क, बिजली और हर घर नल का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। विभिन्न जिलों में मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं और मोतिहारी में भी मेडिकल कॉलेज का निर्माण जोर-शोर से चल रहा है। उन्होंने भ्रष्टाचार पर कोई समझौता न करने का भरोसा दिलाया। नीतीश कुमार ने अगले पांच सालों में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का ऐलान किया। वृद्धा, विधवा और विकलांग पेंशन बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी गई है, और हर विद्युत उपभोक्ता को 125 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के बाद सीतामढ़ी में माता सीता मंदिर निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री 26 सितंबर को लगभग 1.4 करोड़ महिलाओं के खातों में राशि भेजेंगे, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## डॉलर की तुलना में रुपये में रिकॉर्ड गिरावट, 44 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुई भारतीय मुद्रा

**नई दिल्ली**, (हि.स.)। वैश्विक स्तर पर अमेरिका के संरक्षणवादी रवैये, कच्चे तेल की कीमत में तेजी और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के चलते रुपये ने आज डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर को छू लिया। दिन के कारोबार में रुपया 88.80 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गया और अंत में मामूली सुधार के साथ 88.75 रुपये प्रति डॉलर (अनंतिम) पर बंद हुआ। इससे पहले सोमवार को रुपया 88.31 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपया सुबह 88.41 रुपये के स्तर से खुला और कुछ समय के लिए 88.40 रुपये तक सुधर गया, लेकिन नकारात्मक माहौल के चलते गिरावट जारी रही। रुपये ने ब्रिटिश पौंड के मुकाबले 62.23 पैसे और यूरो के मुकाबले 75.03 पैसे की कमजोरी दर्ज की।

खुराना सिक्योरिटीज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ रवि चंदर खुराना के अनुसार, अमेरिका के टैरिफ़ और एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि ने भारतीय निर्यात और आईटी सेक्टर को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक को मुद्रा बाजार में डॉलर और अन्य प्रमुख मुद्राओं का प्रवाह बढ़ाकर रुपये को सहारा देना चाहिए, हालांकि इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ सकता है।

# ईडी ने सत्येंद्र जैन से जुड़ी 7.44 करोड़ रुपये की संपत्तियों को किया जप्त

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन से जुड़ी कंपनियों की 7.44 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई। ईडी के मुताबिक, अब तक इस मामले में कुल 12.25 करोड़ रुपये की संपत्तियों को कुर्क किया जा चुका है।

ईडी ने यह जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 24 अगस्त 2017 को दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। आरोप है कि सत्येंद्र जैन ने फरवरी 2015 से मई 2017 तक आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। सीबीआई ने दिसंबर 2018 में आरोपपत्र दाखिल किया था। इससे पहले 31 मार्च 2022 को ईडी ने इसी मामले में 4.81 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। इस कार्रवाई से मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ सख्ती बढ़ाने का संदेश गया है।

# मोरक्को में बनेंगे भारत के सुरक्षा उत्पाद, रक्षा मंत्री ने किया विदेशी धरती पर पहले प्लांट का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत ने विदेशी धरती पर अपनी पहली रक्षा विनिर्माण सुविधा की स्थापना कर नई मिसाल कायम की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मोरक्को में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड की नई विनिर्माण सुविधा का उद्घाटन किया। यह मोरक्को में भारतीय रक्षा उद्योग का पहला उद्यम होने के नाते भारत-मोरक्को रक्षा सहयोग में एक नया अध्याय खोलेगा।

**आत्मनिर्भर भारत और वैश्विक सहयोग :** राजनाथ सिंह ने कहा कि यह संयंत्र केवल निर्यात-आयात का साधन नहीं, बल्कि वास्तविक



### दोनों देशों के बीच बहुआयामी साझेदारी

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और मोरक्को सदियों से समुद्री व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और परस्पर सम्मान के माध्यम से जुड़े रहे हैं। अब यह साझेदारी नवीकरणीय ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन और रक्षा जैसे क्षेत्रों तक विस्तृत हो गई है। इस संयंत्र से मोरक्को में रोजगार, नवाचार और स्थानीय व्यवसायों के विकास को बल मिलेगा।

साझेदारी का प्रतीक है। यह भारत को वैश्विक बाजार में उन्नत तकनीक और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का विश्वसनीय स्रोत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मोरक्को और भारत दोनों के लिए यह सहयोग आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से लाभकारी सिद्ध होगा।

# राहुल गांधी ने बेरोजगारी को बताया सबसे बड़ा संकट

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर भारत के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए बेरोजगारी को सबसे बड़ा संकट करार दिया।

राहुल गांधी ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि भारत में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा संबंध वोट चोरी से है। जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है तो उसका पहला



कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना। राहुल ने दावा किया कि इसी वजह से देश में बेरोजगारी 45 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि नौकरियां घट रही हैं, भर्ती प्रक्रियाएं ध्वस्त हो चुकी हैं और युवाओं का भविष्य अंधेरे में धकेला जा रहा है।

# ऐश्वर्या पिस्से बनीं एशिया और भारत की पहली महिला राइडर, W2RC पुर्तगाल में रेस करने का गौरव

**पुर्तगाल,** (हि.स.)। भारतीय मोटरस्पोर्ट्स इतिहास में नया कीर्तिमान बनाते हुए ऐश्वर्या पिस्से एशिया और भारत की पहली महिला बन गई हैं, जिन्होंने दोपहिया श्रेणी में एफआईएम वर्ल्ड रैली-रेड चैम्पियनशिप (W2RC) में भाग लिया। वे 22 से 28 सितम्बर तक होने वाले बीपी अल्टीमेट रैली-रेड पुर्तगाल 2025 (राउंड-4) में रैली-2,



विमेंस क्लास में रेस कर रही हैं। ऐश्वर्या एक प्राइवेटियर के रूप में उतरी हैं, लेकिन उन्हें टीवीएस रेसिंग समेत कई संस्थानों का मजबूत सहयोग प्राप्त है। उन्होंने कहा, "भारत और एशिया का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात है। यह सफर हर उस लड़की के लिए प्रेरणा है जो डकार का सपना देखती है।"

इस प्रतियोगिता की कुल दूरी 2,000 किमी है, जिसमें 1,225 किमी के प्रतियोगी चरण (Selective Sections) शामिल हैं। पूरी रैली में 5 स्टेज और एक प्रोलॉग होगा, जो पुर्तगाल के अलेंटेजो और रिबाटेजो तथा स्पेन के एक्सट्रीमादुरा क्षेत्र की 100 प्रतिशत ग्रेवल/डर्ट पटरियों पर आयोजित किया जाएगा।

यह भियान ऐश्वर्या की डकार 2027 की तैयारी का हिस्सा है। उनका लक्ष्य है डकार रैली में हिस्सा लेने और उसे पूरा करने वाली पहली भारतीय व एशियाई महिला बनना।

उल्लेखनीय है कि ऐश्वर्या पिस्से 3 बार की एफआईएम बाजा विश्व चैंपियन और 11 बार की भारतीय नेशनल चैंपियन हैं। वे भारतीय मोटरस्पोर्ट्स इतिहास की सबसे सफल महिला खिलाड़ी मानी जाती हैं।

# रूस की 'उत्तेजक कार्रवाई' पर नाटो की चेतावनी

**ब्रसेल्स,** (हि.स.)। नाटो ने रूस को सख्त चेतावनी दी है कि वह एस्टोनिया और पोलैंड की हवाई सीमा का उल्लंघन जैसी कार्रवाइयों को तुरंत रोके। गठबंधन ने कहा है कि वह अपनी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक सैन्य और असैन्य साधनों का प्रयोग करने में पीछे नहीं हटेगा। एस्टोनिया ने आरोप लगाया कि तीन रूसी मिग-31 लड़ाकू विमान उसकी सीमा में 12 मिनट तक घुसे रहे, जिन्हें नाटो के इटली के जेट विमानों ने बाहर निकाला। इससे पहले करीब 20 रूसी ड्रोन पोलैंड की हवाई सीमा में घुस आए थे, जिनमें से कुछ को नाटो ने मार गिराया।इन घटनाओं के बाद एस्टोनिया ने नाटो की संधि के अनुच्छेद-4 का सहारा लिया। यह नाटो के 76 साल के इतिहास में नौवीं बार और इस माह दूसरी बार है जब अनुच्छेद-4 लागू किया गया। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने कहा, "हम रक्षात्मक गठबंधन हैं लेकिन भोले नहीं। चाहे यह जानबूझकर किया गया हो या लापरवाही से, हमें अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी।" रूस ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उसके ड्रोन केवल पश्चिमी यूक्रेन में सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहे थे। वहीं नाटो ने दोहराया कि उसके सदस्य देश यूक्रेन की आत्मरक्षा में निरंतर सहयोग जारी रखेंगे।

# विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश ने युवाओं के लिए खोला खजाना, 60 प्रतिशत आबादी को साधने की कोशिश

**पटना,** (हि.स.)। बिहार में विधानसभा चुनाव-2025 से ठीक पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवाओं को साधने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कई अहम फैसले लिए हैं। बीते दो माह में सरकार ने दर्जन भर से अधिक योजनाओं की घोषणा की, जो सीधे नौकरी-रोजगार से जुड़ी हैं। इन फैसलों के तहत 5 साल में एक करोड़ नौकरियों का लक्ष्य रखा गया है और कैबिनेट ने हाई लेवल कमेटी बनाने की स्वीकृति दी है।

**सरकारी नौकरी में सुधार और सुविधा :** सभी सरकारी नौकरियों की प्रारंभिक परीक्षा शुल्क 100 रुपये किया गया और मुख्य परीक्षा निःशुल्क होगी। टीआरई-4 शिक्षक भर्ती में डोमिसाइल नीति लागू होगी। महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण में डोमिसाइल लागू करने का फैसला किया गया है।

**युवा आयोग और नए कानून**
बिहार युवा आयोग का गठन किया गया है। इसके अलावा बिहार प्लेटफार्म आधारित गिग कामगार अधिनियम 2025 की शुरुआत की गई है। विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए चयन आयोग के माध्यम से नियमित परीक्षा की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी।



**कौशल विकास और शिक्षा**
युवाओं के कौशल विकास के लिए कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के तहत युवाओं को इंटर्नशिप के लिए 4000 से 6000 रुपये प्रति माह राशि मिलेगी। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में ब्याज मुक्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

**उद्योग और रोजगार प्रोत्साहन**
राज्य में औद्योगिक विकास प्रोत्साहन पैकेज 2025 के तहत उद्योगों को मुफ्त जमीन और प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। बंद उद्योगों को फिर से चालू करने के लिए बिहार एमनेस्टी पॉलिसी 2025 लागू की गई है। निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

**युवाओं की वोटिंग पावर**
चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार बिहार में 18 से 40 साल तक के युवा वोटरों की संख्या लगभग 3.70 करोड़ है। इसके अलावा 40 से 49 वर्ष के वोटर जोड़ने पर 50 साल से कम उम्र के वोटरों की आबादी लगभग 5.50 करोड़ तक पहुंच रही है। इससे साफ है कि युवा वोटरों को आकर्षित करना चुनाव परिणाम पर अहम प्रभाव डाल सकता है। इस तरह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा चुनाव से पहले युवाओं को रोजगार और आर्थिक सहायता के जरिए जोड़ने के लिए व्यापक रणनीति अपनाई है।

**युवाओं के लिए आर्थिक एवं स्वरोजगार सहायता :** स्नातक पास युवाओं को 2 साल तक 1000 रुपये स्वयं सहायता भत्ता मिलेगा। राज्य के सभी परिवार की एक महिला को स्वरोजगार के लिए 2.10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत गरीब परिवारों को 2 लाख रुपये तक की सहायता दी जाएगी।

## बिहार में 20 और मेडिकल कॉलेज खुलेंगे, अब तक 5 लाख 20 हज़ार टीचरों की बहाली हो चुकी हैं :नीतीश

### राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 20 तक पहुंचाने की योजना जारी है।

**पटना,** (हि.स.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पश्चिम चंपारण ज़िला मुख्यालय बेतिया के ऑडिटोरियम में एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ सीधा जन संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि चंपारण से उनका विशेष लगाव है। 2005 में उनकी सरकार बनने से पहले यहाँ जंगल राज था और लोग घरों से बाहर निकलने में डरते थे, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह से सुधरी है।

**विकास और चिकित्सा शिक्षा :** मुख्यमंत्री ने बिहार में मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना का जिक्र किया। कुछ जिलों में यह कॉलेज खुल चुके हैं और कुल 20 मेडिकल कॉलेज राज्य में स्थापित होंगे। उन्होंने राजनीतिक दृष्टि से कहा कि बीच में कुछ भटकाव था, लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं होगी। इसके अलावा उन्होंने बिहार को स्पेशल पैकेज देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।



**सरकारी उपलब्धियां और योजनाएं :** नीतीश कुमार ने कहा कि पूरे बिहार में 125 यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध है, लोगों को रोजगार मिल रहा है और महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने पांच लाख 20 हजार शिक्षकों की बहाली का उल्लेख किया और कहा कि यह प्रक्रिया अभी भी जारी है। साथ ही उन्होंने कब्रिस्तानों और पुराने मंदिरों के संरक्षण का काम बताया, जिससे बिहार में लोग अमन चैन से रह रहे हैं।

**01 : कब्रिस्तानों और पुराने मंदिरों का संरक्षण किया गया है।**

---

**02 : बिहार में कुल 20 मेडिकल कॉलेज खोले जाने की योजना है।**

---

**03 : मुख्यमंत्री ने बिहार को स्पेशल पैकेज देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।**

## जिलाधिकारी, पटना ने गांधी मैदान और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर रावण-वध महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया

**पटना,** (हि.स.)।

**1 पदाधिकारियों को भीड़-प्रबंधन, यातायात और विधि-व्यवस्था के लिए त्रुटिरहित तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।**

---

जिलाधिकारी, पटना ने गांधी मैदान और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर रावण-वध महोत्सव की तैयारियों का मूल्यांकन किया। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश



दिया कि वे अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करें और भीड़-प्रबंधन, सुचारू यातायात एवं विधि-व्यवस्था के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप त्रुटिरहित तैयारी सुनिश्चित करें।

**सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी**
कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। 128 सीसीटीवी कैमरे, 13 वाच टावर, 1 अस्थायी कंट्रोल रूम और 1 अस्थायी थाना स्थापित किया गया है। सभी गतिविधियों पर 24x7 जिला नियंत्रण कक्ष (0612-2219810/2219234) और इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) से नजर रखी जाएगी।

**प्रमुख स्थानों पर तैनाती**

---

मुख्य स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे। वाच टावरों पर पुलिस और सिविल डिफेंस के कर्मी और मुख्य गेट्स पर एसडीआरएफ टीम सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया कि सभी व्यवस्था समन्वित और व्यवस्थित रहें, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित रूप से महोत्सव का आनंद ले सकें।

## बिहार विधानसभा चुनाव: उपेंद्र कुशवाहा का महागठबंधन पर तंज

**पटना,** (हि.स.) बिहार में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (RLM) के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने आरजेडी और कांग्रेस के महागठबंधन को स्वार्थ पर आधारित बताते हुए कहा कि यह गठबंधन बिहार में सफल नहीं होगा। कुशवाहा ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेता जैसे मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की पटना में बैठक का एनडीए पर कोई असर नहीं पड़ेगा। कुशवाहा ने महागठबंधन में चल रही खींचतान पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव खुद को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बता रहे हैं, जबकि कांग्रेस का कहना है कि फैसला चुनाव के बाद होगा। उन्होंने एनडीए में सीट बंटवारे पर कहा कि बातचीत जारी है और जल्द ही फॉर्मूला तय होगा। उपेंद्र कुशवाहा ने जनसुराज प्रमुख प्रशांत किशोर द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर सीधे जवाब देने से इनकार कर दिया और कहा कि आरोपियों से ही सवाल किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग सितंबर के अंत तक बिहार चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है।

## नाबार्ड के सहयोग से राज्य योजना के तहत बनी सड़कों ने बदली गांवों की तस्वीर

### कुल 5254.49 किमी में से 4825.094 किमी ग्रामीण सड़कों का निर्माण संपन्न हुआ

**पटना,** (हि.स.)।

**» राज्य में स्वीकृत 1236 पुलों में से 917 पुल बनकर तैयार हैं।**

---

**» नालंदा जिला 199 सड़कों और 59 पुलों के निर्माण के साथ सबसे आगे है।**

---

**» पटना जिले में 167 स्वीकृत सड़कों में से 157 और 54 में से 46 पुल पूरे किए गए।**

---

**» औरंगाबाद, दरभंगा, चंपारण, मुंगेर, रोहतास समेत अन्य जिलों में भी कार्य अंतिम चरण में है।**



नाबार्ड की मदद से बिहार में ग्रामीण सड़कों और पुलों का निर्माण कार्य तेज़ी से पूरा हो रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में स्वीकृत कुल 2025 सड़कों में से 1863 का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इन सड़कों की कुल लंबाई 5254.49 किमी है, जिनमें 4825.094 किमी सड़कों का निर्माण संपन्न हो चुका है। इसी तरह, स्वीकृत 1236 पुलों में से 917 पुल बनकर तैयार हैं, जबकि शेष 319 का कार्य अंतिम चरण में है।

**नालंदा सबसे आगे**
ग्रामीण सड़क निर्माण में नालंदा जिला सबसे आगे है। यहां 214 सड़कों की स्वीकृति दी गई थी, जिनमें से 199 का निर्माण पूरा हो चुका है। कुल 396.149 किमी में से 370 किमी सड़कें बनकर तैयार हो चुकी हैं। नालंदा में 67 पुलों का लक्ष्य तय था, जिनमें से 59 पुल पहले ही पूरे किए जा चुके हैं।

**गया और पटना में उल्लेखनीय प्रगति :** गया जिले में स्वीकृत 129 सड़कों में से 120 का निर्माण पूरा हो चुका है। यहां 395.245 किमी का लक्ष्य रखा गया था, जिसके विरुद्ध 365.782 किमी सड़कें तैयार हैं। साथ ही 57 पुलों में 46 बनकर तैयार हो चुके हैं। राजधानी पटना जिले में भी 167 स्वीकृत सड़कों में से 157 पूरी की जा चुकी हैं। यहां 363.767 किमी में से 329.708 किमी सड़क बन चुकी है। पटना में 54 निर्माणाधीन पुलों में से 46 पुल पूरे हो गए हैं।

**अन्य जिलों में स्थिति**
औरंगाबाद (244.856 किमी), दरभंगा (235.74 किमी), पूर्वी चंपारण (231.872 किमी), मुंगेर (202.814 किमी), रोहतास (176.462 किमी), जहानाबाद (169.606 किमी), सीतामढ़ी (151.376 किमी) और मुजफ्फरपुर (140.702 किमी) में भी ग्रामीण सड़क निर्माण का काम लगभग पूरा हो चुका है। वहीं, जमुई, मधुबनी, समस्तीपुर, गोपालगंज, किशनगंज और नवादा में भी कार्य अंतिम चरण में है।

## बिहार के मुजफ्फरपुर में तीन बच्चे नदी में डूबे, एक का शव बरामद

**पटना,** (हि.स.)। बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मुरौल प्रखंड अन्तर्गत देदौल बैगन चौक के पास बुढ़ी गंडक नदी में नहाने गए तीन नाबालिग युवक डूब गए, उनमें से एक का शव बरामद किया गया है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है।

नदी में कुल 6 बच्चे नहाने गए थे, उनमें से तीन पानी में डूब गए, जबकि तीन युवकों को बचा लिया गया है। नदी में डूबे तीनों युवक एक ही गांव के रहने वाले थे। घटना की सूचना मिलते ही मुरौल अंचल अधिकारी और



सकरा थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया।

स्थानीय गोताखोरों की मदद से एक युवक का शव बरामद किया गया, जबकि बाकी दो युवकों की तलाश जारी है। नदी में पानी की तेज़ धार और गहराई के कारण बचाव कार्य में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## बिहार के सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक ,प्रह्लाद यादव के बेटे का निधन

**पटना,** (हि.स.)। बिहार में लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा विधानसभा सीट से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक प्रह्लाद यादव के बेटे विनय कुमार का निधन हो गया है। विनय कुमार लंबे बीमार थे। मंगलवार की सुबह पटना के रूबन मेमोरियल हॉस्पीटल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

बेटे के निधन की खबर सुनते ही विधायक प्रह्लाद यादव की भी तबीयत बिगड़ गयी है। उन्हें भी आनन-फानन में अस्तताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक विधायक की स्थिति फिलहाल सामान्य है। बेटे के निधन से प्रह्लाद यादव को सदमा लगा है।

परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक विनय कुमार की शादी डेढ़ साल पहले हुई थी। उनकी एक छोटी बेटी भी है।

उल्लेखनीय है कि प्रह्लाद यादव बिहार के लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक हैं। पहली बार 1995 में विधायक चुने गए थे। इसके बाद 2015 और 2020 में दो बार विधायक चुने गए। 1980 में कम्युनिस्ट आंदोलन का हिस्सा रह चुके हैं। राजद पार्टी के संस्थापक सदस्य रह चुके हैं।

# बिहार एम्पोरियम का पटना हवाई अड्डा पर शुभारंभ

**पटना,** (हि.स.)। राजधानी पटना के जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के प्रस्थान टर्मिनल पर आज "बिहार एम्पोरियम" का शुभारंभ किया गया। यह एम्पोरियम राज्य की समृद्ध कला, संस्कृति और हस्तशिल्प को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। यहाँ बिहार के विभिन्न जिलों के शिल्पकारों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शित और बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे।

**शिल्पकारों के लिए नया बाजार**




बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार एम्पोरियम के शुभारंभ से राज्य के शिल्पकारों को नया बाज़ार मिलेगा। देश-विदेश से आने वाले यात्री जब बिहार की हस्तशिल्प वस्तुएँ देखेंगे और खरीदेंगे, तो इससे हमारी संस्कृति का प्रचार-प्रसार होगा और शिल्पियों की आमदनी में वृद्धि होगी। यह पहल आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**सीधा लाभ और ग्राहक पहुँच**
मंत्री ने कहा कि एम्पोरियम के माध्यम से शिल्पकारों को सीधा लाभ होगा। देशी-विदेशी ग्राहकों तक पहुँच बढ़ने से उत्पादों की माँग और उत्पादन दोनों में वृद्धि होगी। इससे हजारों कारीगर परिवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और उनकी आजीविका में सुधार आएगा।

**पारंपरिक शिल्पकलाओं का प्रदर्शन** ' नीतीश मिश्रा ने आगे बताया कि बिहार की पारंपरिक शिल्पकलाएँ जैसे मधुबनी पेंटिंग, सिक्की शिल्प, मंजूषा कला, पत्थर नक्काशी, काष्ठ शिल्प, सिरेमिक शिल्प, टिकुली पेंटिंग आदि इस मंच के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रदर्शित और प्रोत्साहित की जाएँगी। इससे राज्य की कला और संस्कृति को नई पहचान मिलेगी।

**आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में कदम :** बिहार एम्पोरियम के शुभारंभ से न केवल शिल्पियों को आर्थिक सशक्तिकरण मिलेगा, बल्कि यात्रियों को भी बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलेगा। यह पहल राज्य में कला और संस्कृति के विकास के साथ-साथ स्थानीय उद्योगों को भी मजबूती प्रदान करेगी।

# पूर्णिया प्रशासन की समयबद्ध तैयारी : विधानसभा चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के निर्देश

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने कोषांगों की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया,**

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत की संयुक्त अध्यक्षता में महानंदा सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों को आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध और पूरी जवाबदेही के साथ कार्य निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों का एएमएफ/अर्धसैनिक बलों का आवसान, चेक पोस्ट अधिष्ठापन, डिस्पैच सेंटर की पूर्व तैयारी हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

बैठक में सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे, जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा संबंधित थाना अध्यक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों की बिंदुवार समीक्षा की और प्रत्येक को अपने-अपने दायित्व का जिम्मेदारीपूर्ण पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समयसीमा में सभी कार्य पूरे किए जाएँ ताकि चुनावी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके।





### परिवहन कोषांग की जिम्मेदारी और रूट चार्ट का निर्देश :

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में परिवहन कोषांग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मतदान दल, पुलिस बल, चुनाव सामग्री और मतपेटियों को समय पर मतदान केंद्रों तक पहुँचाना परिवहन कोषांग की जिम्मेदारी है। इस संदर्भ में जिला परिवहन पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र तक तथा मतदान समाप्ति के बाद पोलिंग स्टेशन से वज्रगृह तक विधानसभावार रूट चार्ट तैयार किया जाए। साथ ही वाहनों का टैगिंग सुनिश्चित की जाए ताकि मतदान केंद्र तक निर्बाध परिवहन हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि मतदान समाप्ति के उपरांत वाहनों को वज्रगृह तक पहुँचाने में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो।

**प्रशिक्षण कोषांग और मतदान कर्मियों की तैयारी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव की सफलता प्रशिक्षित मतदान कर्मियों पर निर्भर करती है। प्रशिक्षण कोषांग की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक कर्मचारी को चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराए। उन्होंने निर्देश दिया कि मास्टर ट्रेनरों द्वारा अद्यतन गाइडलाइन के आधार पर डेमो और प्रायोगिक अभ्यास कराया जाए ताकि मतदान कर्मी किसी भी स्थिति में आत्मविश्वास के साथ कार्य कर सकें।

अनुमंडल पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अर्द्धसैनिक बलों के लिए आवसान की व्यवस्था के साथ पेयजल, शौचालय और लाइट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### पुलिस और सुरक्षा बलों के निर्देश :

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थाना अध्यक्षों को निर्देशित किया कि संवेदनशील बुथों पर पहले से ही पेट्रोलिंग सुनिश्चित करें और शांति व्यवस्था बनाए रखें।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और चुनाव की अधिसूचना जारी होने पर आदर्श आचार संहिता के तहत किए जाने वाले प्रथम कार्यों पर प्रकाश डाला। इस बैठक के माध्यम से पूर्णिया जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी कोषांग समय पर पूरी तैयारी करेंगे, ताकि विधानसभा चुनाव 2025 पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुरक्षा के साथ संपन्न हो सके।

**सहयोग, समन्वय और सुरक्षा व्यवस्थाएँ :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कोषांगों के बीच आपसी समन्वय पर जोर दिया। सभी कोषांग अपनी दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, कॉल सेंटर प्रबंधन और व्यय से जुड़ी शिकायतें एसएसटी/एफएस टीम के माध्यम से व्यय प्रेक्षक को समय पर समर्पित की जाएँगी। एमसीसी उल्लंघन से संबंधित शिकायतें सामान्य प्रेक्षक को समय पर उपलब्ध कराई जाएँगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषण माह की जिला स्तरीय डी-कैप बैठक

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया,**

राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अवसर पर जिला पदाधिकारी, अंशुल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय प्रज्ञान सभागार में जिला स्तरीय डी-कैप (DCAP) बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद कुमार कनौजिया, आईसीडीएस जिला प्रोग्राम पदाधिकारी सुगंधा शर्मा, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला जीविका डीपीएम, राष्ट्रीय पोषण अभियान के जिला समन्वयक निधि प्रिया, पिरामल स्वास्थ्य के जिला प्रतिनिधि और सभी महिला पर्यवेक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। बैठक में आईसीडीएस डीपीओ सुगंधा शर्मा ने राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक पूरे जिले में चलाया जाएगा। इसके लिए समाज कल्याण विभाग आईसीडीएस निदेशालय द्वारा साप्ताहिक कैलेंडर जारी किया गया है। इसके अनुसार प्रत्येक सोमवार प्रारंभिक बाल्यवस्था देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) और पोषण भी पढ़ाई भी (PBPB), मंगलवार को स्थानीय वस्तुओं के लिए जन-जागरूकता और क्षेत्रीय सशक्तिकरण, बुधवार को शिशु एवं बाल आहार (IYCF) प्रथाओं, बृहस्पतिवार को मोटापा नियंत्रण पर ध्यान, शुक्रवार को पुरुष सहभागिता और शनिवार को सहयोगी गतिविधियाँ एवं डिजिटलीकरण पर जोर दिया जाएगा। बैठक में सभी प्रखंड अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पोषण माह की सभी गतिविधियों की एंट्री भारत सरकार के पोषण अभियान जन-आंदोलन डैशबोर्ड पर समय पर करें। वर्तमान में पूर्णिया जिला डैशबोर्ड पर 12वें स्थान पर है। जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने सभी अधिकारियों और विकास भागीदारों को निर्देशित किया कि कैलेंडर के अनुसार सभी गतिविधियाँ जिले और प्रखंड स्तर पर सुचारू रूप से आयोजित हों और पूर्णिया जिला राज्य स्तर पर शीर्ष तीन रैंक में शामिल हो। इस बैठक के माध्यम से जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय पोषण माह के प्रचार-प्रसार और कार्यक्रमों की निगरानी सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए।



# विधायक विजय खेमका ने विधायक निधि से निर्मित भवन का किया उद्घाटन, मौक़े पर स्थानीय ग्रामीण रहे मौजूद

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया,**

» विधायक ने कहा मंदिर परिसर में निर्मित यह भवन बहुउद्देशीय होगा। यहां विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, उत्सव, पूजा-पाठ तथा वैवाहिक कार्यक्रम आसानी से आयोजित किए जा सकेंगे




गुलाबबाग नाका रोड़ स्थित महादेव मंदिर परिसर में विधायक निधि से निर्मित भवन का उद्‌घाटन विधायक विजय खेमका के द्वारा स्थानीय लोगों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी तथा एनडीए नेताओं ने विधिवत श्रीफल तोड़कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक ने कहा मंदिर परिसर में निर्मित यह भवन बहुउद्देशीय होगा। यहां विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, उत्सव, पूजा-पाठ तथा वैवाहिक कार्यक्रम आसानी से आयोजित किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया इससे श्रद्धालुओं और आम लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने स्मरण कराया पूर्व में भी मंदिर परिसर के तालाब का सौंदर्यीकरण विधायक निधि से कराया गया था। आगे तालाब के चारों ओर वाकिंग ट्रैक का निर्माण किया जायेगा ताकि सभी उसका उपयोग कर सकें।

**जीएसटी सरलीकरण और आयकर में छूट की भी चर्चा की**

जनता को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा पूर्णिया शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में किए गए जीएसटी सरलीकरण और आयकर में छूट की भी चर्चा की। विधायक ने बताया अब 12 लाख तक की आयकर सीमा माफ कर दी गई है और जीएसटी की दरें 28% से घटाकर 18% तथा 12% से घटाकर 5% कर दी गई हैं। इससे घरेलू उपभोग की सामग्री, किसानों के उपयोग की वस्तुएं दवाई मेडिकल उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक सामान सस्ते हुए हैं। विधायक खेमका ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह निर्णय दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व पर बिहार एवं देश की जनता के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने पूर्णिया की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया।

# पूर्णिया में कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव का घर-घर जनसंपर्क अभियान, महागठबंधन सरकार बनाने की अपील

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया,**

पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव ने मंगलवार को एक व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने सिकंदरपुर पंचायत, दमका, जीरो माइल गुलाबबाग, बरसौनी, पतिलवा, बड़हरी, मदारपुर, फसिया चैक और चिकनी शेरशाहवादी टोला सहित कई मुहल्लों में घर-घर जाकर जनता से मुलाकात की और कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया और उन्हें फूलमालाओं से सम्मानित किया। ग्रामीण एवं युवाओं ने इस अवसर पर कांग्रेस नेता का भव्य स्वागत किया। श्री यादव ने ग्रामीणों के साथ क्षेत्र के विकास, रोजगार, शिक्षा और जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर खुलकर संवाद किया। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन की नीतियों और योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की और ग्रामीणों से उनके समस्या-पत्र साझा किए।



### महागठबंधन सरकार की आवश्यकता पर जोर :

जनसंपर्क के दौरान जितेंद्र यादव ने कहा कि बिहार के लोग अब एनडीए की डबल इंजन सरकार से उब चुके हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि इस बार महागठबंधन की सरकार बनाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि महागठबंधन समाज में समता, सौहार्द और सामाजिक विकास की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। यादव ने कहा कि युवाओं को रोजगार, महिलाओं और किसानों का सशक्तिकरण, छात्रों की शिक्षा और क्षेत्रीय विकास महागठबंधन की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आश्वस्त किया कि उनकी योजनाओं का लाभ हर परिवार तक पहुंचेगा।



**'घर-घर अधिकार अभियान' और गारंटियों का गुलदस्ता**

इस अभियान के तहत जितेंद्र यादव ने 'घर-घर अधिकार अभियान' के माध्यम से महागठबंधन की योजनाओं और गारंटियों का गुलदस्ता लोगों को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर ये योजनाएं तुरंत लागू की जाएंगी।

यादव ने जनता से अपील की कि वे महागठबंधन की सरकार बनाने में सहयोग करें और बिहार को विकास की नई दिशा में आगे बढ़ाएं।

**मुख्य योजनाओं में शामिल हैं :**

हर परिवार को रोजगार का अवसर
गरीब परिवारों को व्यवसाय शुरू करने के लिए 2 लाख रुपये तक की सहायता
हर विधानसभा में 5 करोड़ रुपये का स्टार्टअप फंड
हर परिवार को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज
8वीं से 12वीं तक के प्रत्येक छात्र को मुफ्त टैबलेट/लैपटॉप
हर जिले में अंग्रेजी मीडियम मॉडल स्कूल
समय पर परीक्षा और रिजल्ट, पेपर लीक की रोक
एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी को पूर्ण अधिकार, पंचायत और निकाय चुनाव में ईबीसी के लिए 65% आरक्षण
सामाजिक सुरक्षा के तहत हर घर को 200 यूनिट मुफ्त बिजली
हर बहन के खाते में 2,500 रुपये प्रति माह
गरीब परिवारों को 5 डिसमिल जमीन

# पूर्णिया में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 'वोकल फॉर लोकल' अभियान, बाजरा-रागी आधारित रेसिपी का प्रदर्शन



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया,**

मंगलवार को 'वोकल फॉर लोकल' थीम पर स्थानीय स्तर पर सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामुदायिक नवाचारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बाल विकास परियोजना पूर्णिया सदर के अंतर्गत सभी केंद्रों पर सेविकाओं द्वारा स्थानीय रेसिपी विशेषकर बाजरा/रागी (मडुआ) एवं अन्य श्री अन्न आधारित व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया।

**विकास योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन पर जोर**

गौरतलब है कि जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों एवं वरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और लाभुकों तक समय पर योजनाओं का लाभ पहुँचे। इसके लिए अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करने पर बल दिया गया है।

**समेकित बाल विकास परियोजनाओं की गतिविधियां**

इसी क्रम में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के तहत 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक जिले के सभी समेकित बाल विकास परियोजनाओं द्वारा विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक सप्ताह के अलग-अलग दिनों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस पहल से जहाँ एक ओर पारंपरिक आहार संस्कृति संरक्षित हो रही है , वहीं दूसरी ओर आजीविका के नए अवसर भी सृजित होंगे, यह उम्मीद जतायी जा रही है

# दुर्गा पूजा पंडाल में CCTV कैमरा अनिवार्य, अश्लील गाने पर कार्रवाई की जाएगी

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया पूर्व**

मुफ्फसिल थाना परिसर में सोमवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुदीन राम ने की। बैठक में बीडीओ शैलेश कुमार केसरी, सीओ संजीव कुमार, एसडीपीओ ज्योति शंकर, जिला परिषद सदस्य राजीव सिंह, प्रमुख जियाउल हक, उपप्रमुख ललन सिन्हा सहित अन्य अधिकारी और पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में प्रतिमा विसर्जन के रूट चार्ट पर विशेष चर्चा की गई। दुर्गा पूजा के अवसर पर लगने वाले मेले और पंडालों में शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य किया गया। इसके अलावा, अश्लील गाने बजाने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई करने और असामाजिक तत्वों के खिलाफ धारा 107 के तहत कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। पूजा समिति के सभी सदस्यों को दो दिनों के अंदर लायसेंस के लिए आवेदन जमा करने का निर्देश दिया गया। प्रतिमा विसर्जन में वीडियो ग्राफी करने की व्यवस्था की भी बात कही गई। सुरक्षा और स्वच्छता के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शराबियों पर नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया। बैठक में मुखिया डोमन राम, हजरत अली, मुस्लिम दिवान, उपसरपंच मदन लाल मंडल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



## सुरक्षा, सामाजिक सद्भाव और व्यवस्थित आयोजन ही इस धार्मिक उत्सव की सफलता की कुंजी हैः पूर्णिया पुलिस

# एड्वाइजरी जारी : पूर्णिया पुलिस की ओर से दुर्गा पूजा और रावण दहन के लिए विशेष दिशा निर्देश जारी



**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

---------------------

पूर्णिया जिले में दुर्गा पूजा एवं रावण दहन को सुरक्षित और vvसुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस द्वारा पंडाल आयोजकों और जनता के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा और किसी भी प्रकार की अनियमितता या सुरक्षा की चूक होने पर पुलिस ने कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है !

**1. दुर्गा पूजा पंडालों के लिए प्रमुख दिशा-निर्देश**

1-- लाउडस्पीकर एवं ध्वनि यंत्रः बिहार कंट्रोल ऑफ द यूज एण्ड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर रूल्स 1953 के अनुसार केवल दो ध्वनि विस्तारक यंत्र प्रातः 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक प्रयोग किए जा सकते हैं।

2-- सुरक्षा एवं स्वास्थ्यः कोविड-19 व्यवहार और SOP का पालन अनिवार्य है।

3-- खतरनाक एवं अश्लील गतिविधियों पर रोकः

4-- मेला में खतरनाक झूला, थियेटर, अश्लील ऑर्केस्ट्रा एवं DJ गानों का प्रयोग पूर्णतः वर्जित है।

5--पंडाल निर्माण एवं अग्नि सुरक्षा अनिवार्य

6-- पंडाल में CCTV कैमरा लगाना अनिवार्य होगा।

7--पंडाल का निर्माण फायर रिटार्डेंट कपड़ों से किया जाए।

8--पंडाल की ठोसता का प्रमाण कार्यपालक अभियंता भवन से प्राप्त करना अनिवार्य है।

9--अग्निशामक यंत्र, बाल्टी और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

**प्रशासन और आयोजकों की जिम्मेदारी**

1--पूजा कमेटी के अध्यक्ष/ सचिव यह सुनिश्चित करें कि पूजा स्थल विवाद मुक्त हो और अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हो।

2-- प्रवेश द्वार पर संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से लिखा होः जैसे- पूजा कमिटी, थाना, अनुमंडल व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

बिजली के तार लूज न हों और फ्यूज सर्किट ब्रेकर का प्रयोग अनिवार्य होगा।

2-- विद्युत अभियंता से जाँच और प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

3-- पंडाल एवं आसपास क्षेत्रों में पर्याप्त रोशनी क़ी व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

**सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमः**

1 सांस्कृतिक कार्यक्रम खुले स्थान पर या तीन ओर से खुले पंडाल में आयोजित हों।

2 मूर्ति विसर्जन हेतु अलग से जुलूस लाइसेंस अनिवार्य है।

3 सुरक्षा के सुरक्षा हेतु वोलेंटियर रातभर मूर्ति की निगरानी

**बिजली एवं प्रकाशः**

1-- बिजली के तार लूज न हों और फ्यूज सर्किट ब्रेकर का प्रयोग अनिवार्य होगा।

2-- विद्युत अभियंता से जाँच और प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

3-- पंडाल एवं आसपास क्षेत्रों में पर्याप्त रोशनी क़ी व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

**सामाजिक जिम्मेदारीः**

1-- किसी भी धर्म, जाति या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले बैनर या पोस्टर की अनुमति नहीं होगी। 2-- पटाखों का प्रयोग पंडाल के आसपास व जुलूस के दौरान वर्जित है।

**रावण दहन के लिए विशेष दिशा-निर्देश**

1-- कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अवरोध रहित प्रवेश और निकास द्वार सुनिश्चित करें।

2-- ध्यान रहे,स्थल पर हाई टेंशन तार या झुकी हुई तार न हों।

3-- रावण के पुतले का आकार और स्थिति के सम्बन्ध में जिला प्रशासन को पूर्व में सूचित करना आवश्यक ।

4-- अग्निशमन उपकरण, प्रकाश व्यवस्था और समतलीकरण आवश्यक है।

5-- पर्याप्त संख्या में वोलेटियर्स और आपातकालीन द्वार का निर्माण अनिवार्य है।

6-- रेलवे लाइन के पास रावण दहन कार्यक्रम पूर्णतः वर्जित है।

7-- गोताखोरों और SDRF से समन्वय बनाए रखें, यदि कोई आकस्मिक स्थिति उत्पन्न ह

**पुलिस, जिला नियंत्रण कक्ष**

1 स्वयं सेवकों को फोटो सहित पहचान पत्र और मोबाइल नंबर के साथ तैनात करें और सूची संबंधित थानाध्यक्ष को उपलब्ध कराएँ।

2 भीड़ नियंत्रण हेतु लाइव प्रसारण और वोलेटियर्स की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें।

3 आपत्तिजनक गतिविधियों की सूचना तुरंत संबंधित थाना को दें।

# महापर्व नवरात्रा 2025 : धमदाहा में 252 साल पुराने भगवती मंदिर में भव्य दुर्गापूजा की तैयारी



**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

----------------

जिले के धमदाहा नगर पंचायत के घमदाहा मध्या टोला में महापर्व नवरात्रा पर आस्था और श्रद्धा के संग साधना आराधना का क्रम परवान चढने लगा है। नवरात्र के अवसर पर शक्ति क़ी देवी माँ दुर्गा के नव स्वरुपों का पूजन और विजयादशमी कों लेकर भव्य तैयारी और आकर्षक आयोजन पूर्व क़ी भांति इस वर्ष भी पूजा कमेटी द्वारा किया जा रहा है ! जिले के इस प्राचीन मंदिर का इतिहास 252 साल पुराना है और यह मंदिर नवरात्र में श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का केंद्र बना हुआ है।

**परंपरा और वंशजों की भक्ति**

वर्तमान में यह मंदिर कलिका ठाकुर वंशजों और डॉ. बीके ठाकुर के प्रयास से भव्य स्वरूप में एक दर्शनीय धर्म स्थल है। हर वर्ष महाष्टमी के दिन स्व कलिका ठाकुर के वंशजों द्वारा माँ भगवती को बली प्रदान करने की परंपरा निभाई जाती है।

**कलिका ठाकुर के वंशजों में,दुर्गा दत्त ठाकुर,दया निधि ठाकुर** गुड्डा ठाकुर, छात्रपाल ठाकुर, लोकनाथ ठाकुर, रामजी ठाकुर बाल गोविंद ठाकुर, शैलेंद्र ठाकुर, छत्रपाल ठाकुर,सुधाकर ठाकुर, प्रभाकर ठाकुर, योगानंद ठाकुर श्यामानंद ठाकुर

दयानंद ठाकुर द्वारा यह परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलते आ रही है और लोगों में भगवती के प्रति पूर्ण आस्था कायम है।

**धार्मिक इतिहास और चमत्कारिक कथा :**

धर्मपुर गांव निवासी कालीका नंद ठाकुर के पूर्वजों ने 1787 में जगन्नाथ पुरी तीर्थ यात्रा के दौरान आनंदगढ़ी गांव के पास एक पीपल के पेड़ के नीचे स्वप्न में देखा कि भगवती दुर्गा नदी में स्थापित हैं। इस स्वप्न के अनुसार उन्होंने मूर्ति की खोज की और आगे बढ़ते ही जंगल में एक आकाशवाणी सुनाई दी। पचास कदम आगे बढ़ने पर सभी अंधे हो गए, जिसके बाद उन्होंने अष्टधातु और काले पत्थर से बनी मूर्ति की अराधना शुरू की। सुबह उठने पर नदी स्नान के दौरान मूर्ति उनके हाथ में स्वयं आ गई। इस प्रकार मूर्ति को नदी से निकालकर गांव लाया गया और स्थापित किया गया।

**आस्था और वरदायिनी शक्ति**

स्थानीय वंशजों के अनुसार, भगवती का उपवास, पूजा और भक्ति करने से मनोकामना पूरी होती है। वर्तमान में यह मंदिर क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं के लिए दर्शन और भक्ति का प्रमुख केंद्र बन चुका है। श्रद्धालु नवरात्र के दौरान यहां विशेष रूप से माता की पूजा और आराधना में भाग लेते हैं।

## जीएसटी सुधार से हर घर में खुशियां, देशभर में 'बचत उत्सव' का माहौल : विधायक

# नवरात्र के पहले दिन मिला देशवासियों को बड़ा तोहफ़ा, विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने चलाया जागरूकता अभियान नवरात्रि पर ऐतिहासिक फैसला

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

----------------

शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 140 करोड़ जनता को बड़ी राहत देते हुए जीएसटी सुधार लागू किया। "एक देश, एक बाजार, एक कर" व्यवस्था से अब गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, महिलाएं, व्यापारी और उद्यमी सभी को सीधी बचत होगी। रोज़मर्रा की ज़रूरतों से लेकर कृषि और तकनीकी उत्पाद तक, अब लोगों को कम दामों पर उपलब्ध होंगे। उक्त बातें बनमनखी विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने कही ! दरअसल



देश भर में जिएसटी में कमी कों लेकर जागरूकता अभियान के तहत एक अभियान पर विधायक निकले थे ईस दौरान उन्होंने व्यवसायियों एवं दुकानदारों से संवाद किया और यह जानने की कोशिश की कि आम जनता तक टैक्स स्लेब में कटौती का लाभ बाजार में ग्राहकों कों मिल रहा है या नहीं !

**विधायक ने चलाया जन-जागरूकता अभियान** : पूर्णिया के विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने नवरात्रि जैसे आस्था के पर्व पर देशवासियों को खुशियों का तोहफ़ा दिया है। अभियान के दौरान उन्होंने व्यापारियों, उद्यमियों और आम जनता से मुलाकात की और उनके अनुभव साझा किए। व्यापारी और आमजन हुए लाभान्वित व्यापारी गोपाल अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल और माँगीलाल अग्रवाल सहित कई लोगों ने बताया कि जीएसटी सुधार से हर वर्ग को फायदा हुआ है। ज़रूरी सामान सस्ते दाम पर मिलने लगे हैं। व्यापारी वर्ग ने कहा कि पहले की तुलना में अब जीएसटी स्लैब सरल और किफ़ायती हो गया है। जागरूकता अभियान में उद्यमियों ने विधायक को गुलाब का फूल भेंट कर अपनी खुशी जताई।

# धमदाहा में युवा जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन "उन्नति के 20 साल: युवा संवाद" सम्पन्न

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

----------------

पूर्णिया जिले के धमदाहा विधानसभा क्षेत्र में युवा जदयू का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन "उन्नति के 20 सालः युवा संवाद" उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा जदयू पूर्णिया के जिला अध्यक्ष राजू कुमार मंडल ने की, जबकि मंच संचालन जिला प्रधान महासचिव श्री पप्पू राष्ट्रीय ने किया। सम्मेलन में धमदाहा और के० नगर प्रखंड के प्रखंड



पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष और बूथ समिति के सैकड़ों युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में धमदाहा विधायिका सह मंत्री श्रीमती लेशी सिंह तथा युवा जदयू बिहार प्रदेश अध्यक्ष नितीश पटेल उपस्थित रहे। श्रीमती लेशी सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि धमदाहा विधानसभा का संगठन सशक्त और धारदार है। युवाओं की भागीदारी से आगामी विधानसभा चुनाव में धमदाहा में नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। युवा जदयू बिहार प्रदेश अध्यक्ष नितीश पटेल ने युवाओं से अपील की कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों और युवाओं के लिए लाए गए रोजगार, स्किल और उद्यमिता से जुड़े योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि धमदाहा में आईटीआई और डिग्री कॉलेज के साथ के० नगर प्रखंड में एयरपोर्ट का निर्माण तथा सड़क जाल युवा विकास की दिशा में बड़े कदम हैं। जिला अध्यक्ष प्रकाश सिंह पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता और नेतृत्व से ही युवा संवाद जैसे कार्यक्रम संभव हो पाते हैं। उन्होंने सभी युवा साथियों से आगामी विधानसभा चुनाव में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सम्मेलन में प्रदेश महासचिव ज्योतिष सिंह, प्रमंडल प्रभारी हिरा लाल राही, जिला प्रभारी रुपेश कुमार गुलटेन, प्रदेश सचिव रोहित राज सहित प्रखंड और जिला स्तरीय युवा जदयू पदाधिकारी तथा प्रमुख युवा साथी उपस्थित रहे।

# बड़हरा कोठी मनरेगा भवन में स्थानांतरित और नवपदस्थापित कार्यक्रम पदाधिकारी का सम्मानपूर्वक विदाई-स्वागत समारोह

**न्यूज़ स्केल बड़हरा कोठी**

बड़हरा कोठी मनरेगा भवन में कार्यक्रम पदाधिकारी अबू नसर फैजी के स्थानांतरण के बाद उनका सम्मानपूर्वक विदाई और नवपदस्थापित कार्यक्रम पदाधिकारी दिलीप कुमार का स्वागत समारोह पूर्वक किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों और मनरेगा कर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।।

**नव पदाधिकारी को शुभकामनाएँ और आभार व्यक्त** : मुखिया संघ के अध्यक्ष ठाकुर चंदन सिंह ने भी अबू नसर फैजी के कार्यों की सराहना की और नव पदाधिकारी दिलीप कुमार को शुभकामनाएँ दी। समारोह में अबू नसर फैजी ने अपने सेवा काल में सहयोग देने वाले सभी कर्मियों और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए नव पदाधिकारी को समर्थन देने का अनुरोध किया।

**प्रमुख उपस्थित जनप्रतिनिधि और कर्मी** : समारोह में सुखसेना पंचायत की पूर्व मुखिया सरिता देवी, समाजसेवी रौशन कुमार मिश्र, मुखियापति कमलानंद झा उर्फ पुटूर झा, पंचायत समिति सदस्य मुक्तानंद मुक्त सहित अन्य पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और सभी मनरेगा कर्मी उपस्थित रहे



**स्वागत और सम्मान समारोह**

समारोह का शुभारंभ जीविका दीदियों द्वारा स्वागतगान से किया गया। स्थानांतरित कार्यक्रम पदाधिकारी अबू नसर फैजी का सम्मान सुखसेना पंचायत की मुखिया सरिता देवी, दिबराधानी के मुखिया ठाकुर चंदन सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा अंगवस्त्र और माला पहनाकर किया गया। वहीं नवपदस्थापित कार्यक्रम पदाधिकारी दिलीप कुमार का स्वागत पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर किया गया।

**क्षेत्रीय विकास में योगदान की सराहना** : समारोह को संबोधित करते हुए औराही पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मुक्तानंद मुक्त ने अबू नसर फैजी के क्षेत्रीय विकास में योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय स्थापित करने में उनकी कार्यकुशलता काबिलेतारीफ रही। उन्होंने स्थानांतरित पदाधिकारी के भविष्य की शुभकामनाएँ दी और नवपदस्थापित पदाधिकारी को सहयोग की अपील की

# पूर्णिया भाजपा महिला मोर्चा कार्यसमिति की बैठक संपन्न

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की सफलता का लिया संकल्प,बैठक में महिलाओं के योगदान को सराहा गया

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

----------------

भाजपा जिला महिला मोर्चा की कार्यसमिति की बैठक वनभाग स्थित भाजपा जिला कार्यालय संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष संगीता वर्मन ने की। इस अवसर पर विगत 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा को सफल बनाने में महिला मोर्चा की बहनों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की गई और उपस्थित बहनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सेवा पखवाड़ा और योजनाओं का प्रचार-प्रसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



जन्मदिवस पर चल रहे "सेवा पखवाड़ा" कार्यक्रम को लेकर बैठक में विशेष चर्चा हुई। तय किया गया कि महिला मोर्चा कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगी। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे– गरीबों एवं मध्यमवर्गीय महिलाओं के उत्थान,रोजगार के अवसर सृजन, स्वस्थ महिला – सशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत महिलाओं के मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण,को अधिक से अधिक घरों तक पहुंचाने के लिए व्यापक योजना बनाई जाएगी।

**आमजन को जीएसटी दरों में कटौती से राहत** : बैठक में यह भी बताया गया कि जीएसटी दरों में कटौती से आम लोगों को राहत मिली है और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में कमी आई है। इसके साथ ही केंद्र और बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को "हर वर्ग-हर घर" तक पहुंचाने पर बल दिया गया।

**वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन** बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सिंह ने संबोधित किया। इसके अतिरिक्त महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष गूंजा बेगानी जैन, प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सीमा झा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कांति सिंह, जिला मंत्री नूतन गुप्ता और भाजपा जिला प्रवक्ता प्रभारी अनीता सिंह ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। नेताओं ने कहा कि महिला मोर्चा संगठन की रीढ़ है और मोदी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम है।

**कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी** : बैठक में महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष आरती जयसवाल, सुनीति सिन्हा, ललिता देवी, ममता देवी, दीपमाला तोषी, शांति उरांव, जिला महामंत्री सोनिका पाहुजा, जिला मंत्री नीतू सिंह, पूजा प्राची, पूजा चौधरी, आशा अनुरागनी, उषा दास, तथा कार्यकर्ता जुली आर्या, रूबी सेठिया, रूपाली साह, रुमा दास, माधुरी देवी, चंद्रमा देवी, सोनी गुप्ता, स्नेह पुगालिया सहित कई मंडल अध्यक्ष मौजूद थीं।

# दुर्गा पूजा को लेकर डंगराहा-मीरगंज में शांति समिति की बैठक

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

डंगराहा ओपी एवं मीरगंज थाना क्षेत्र में आगामी दुर्गा पूजा को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय पुलिस अधिकारी,




पंचायत प्रतिनिधि और समाज के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था और पूजा स्थल पर आपातकालीन सेवाओं के प्रबंध पर विशेष चर्चा की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने सहयोग और जागरूकता के जरिए पूजा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने

# एनएसडी रंगमंडल की रंग षष्ठी महोत्सव में "बाबूजी" की गूंज पूर्णिया में विद्या विहार ने दिखाई श्रेष्ठ आतिथ्य एवं सम्मान

## पूर्णिया में यह आयोजन एनएसडी रंगमंडल की ६० वर्षों (१९६४द्र२०२४) की गौरवशाली यात्रा का एक समृद्ध अध्याय सिद्ध हुआ

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी), नई दिल्ली की प्रतिष्ठित रिपर्टरी कंपनी द्वारा आयोजित रंग षष्ठी नाट्य महोत्सव का 22 सितम्बर मंगलवार को विद्या विहार आवासीय विद्यालय, पूर्णिया के रविबंश नारायण मिश्र मेमोरियल ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह आयोजन बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा विद्या विहार आवासीय विद्यालय के संयुक्त सहयोग से सम्पन्न हुआ और एनएसडी रंगमंडल की 60 वर्षों (1964–2024) की गौरवशाली यात्रा का एक समृद्ध अध्याय सिद्ध हुआ।





**कार्यक्रम अवलोकन, एवं प्रस्तुतियाँ**

--------------------

**21 सितम्बर 2025 – "माई री, मैं का से कहूँ"**
**22 सितम्बर 2025 – "बाबूजी"**

---------------------

**शैली एवं विषयवस्तु**

दोनों प्रस्तुतियाँ पारंपरिक नौटंकी शैली में रहीं, जिसमें लोक सांगीतिक रंग एवं नाट्य शिल्प की समृद्ध झलक देखने को मिली। "बाबूजी" विशेष रूप से एक कलाकार के जीवन संघर्षों, समाज की पारंपरिक अपेक्षाओं व व्यक्तिगत कलात्मक इरादों के बीच संतुलन पर आधारित थी। यह नाटक प्रसिद्ध साहित्यकार श्री मिथिलेश्वर की कहानी पर आधारित है, नाट्य रूपांतरण श्री विभांशु वैभव द्वारा एवं निर्देशन श्री राजेश सिंह, प्रमुख एनएसडी रंगमंडल के नेतृत्व में।

मिश्रा, प्राचार्य सवित्री सिंह (पूर्णिया कॉलेज), प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट संजय कुमार सरोज (जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड), सुप्रसिद्ध कलाकार विश्वजीत सिंह, रोहित कुमार शॉ, सुनील सुमन, और शहर के अन्य रंगप्रेमी शामिल रहे।

इस भव्य आयोजन में विद्या विहार के कक्षा 8 से 12 तक के सभी छात्र-छात्राएँ, शिक्षक-शिक्षिकाएँ और कर्मचारी अपने परिवारों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### आतिथ्य एवं आयोजन व्यवस्था

विद्या विहार आवासीय विद्यालय की ओर से तीनों दिनों (20-22 सितम्बर) एनएसडी टीम व अतिथियों के लिए रहने, खाने-पीने एवं स्वागत-सत्कार की श्रेष्ठतम व्यवस्था की गई। उद्घाटन एवं समापन दोनों ही दिवसों पर सभी मान्य अतिथियों को विद्यालय की ओर से स्मृति-चिह्न एवं शॉल से सम्मानित किया गया।

### सामाजिक संवेदनशीलता एवं संवाद

एनएसडी रंगमंडल ने इस सांस्कृतिक यात्रा के दौरान केन्द्रीय कारागार, पूर्णिया का दौरा किया। रंगकर्मी, निदेशक एवं एनएसडी के पूर्व छात्र श्री मिथिलेश राय के साथ, कलाकारों ने जेल अधीक्षक श्री मनोज कुमार से संवाद स्थापित किया और बंदियों के लिए एक सांस्कृतिक सत्र आयोजित किया। इस पहल ने कला एवं समाज को जोड़ने का महत्वपूर्ण काम किया।

### रंगमंडली और विद्यालय प्रबंधन की प्रतिक्रियाएँ :

------------------------

**1 राजेश चन्द्रा मिश्रा**

(सचिव, विद्या विहार) "संस्कृति और शिक्षा की जो दिशा हमने सोची थी, उसमें इस आयोजन ने हमें नई ऊँचाइयाँ दिखायीं। पूरी टीम की मेहनत और सहयोग से यह संभव हुआ।"

-------------------

**2 श्रीमती सावित्री सिंह** (प्राचार्या, पूर्णिया कॉलेज) यह महोत्सव हमारे क्षेत्र के छात्रों-छात्राओं को सीखने, समझने और राष्ट्रीय मंच पर अपनी सांस्कृतिक पहचान निर्मित करने का अवसर मिला। हमें विशेष प्रसन्नता है।"

**3 रंजीत पाल** (निदेशक, विद्या विहार): विद्या विहार में राष्ट्रीय स्तर के रंगमंच को अपने द्वार पर पाया जाना गर्व की बात है। यह महोत्सव विद्यार्थियों को प्रेरणा देगा, संस्कृति से जोड़ने का माध्यम बनेगा।

-------------------

**4 निखिल रंजन** (प्राचार्य): "एनएसडी की प्रस्तुतियों ने कलाकारों के संघर्षों और सांस्कृतिक विरासत की सारी कसौटी पर खरा उतरने का उदाहरण पेश किया। हमारे छात्र-छात्राओं की संवेदनशीलता और रुचि अभिव्यक्ति की दिशा में और विकसित हुई है।"

---------------

**5 राजेश सिंह** (प्रमुख, एनएसडी रंगमंडल): पूर्णिया जैसे सांस्कृतिक नगर में हमारी रंगमंचीय प्रस्तुतियाँ देना और विद्या विहार के आतिथ्य एवं नगर-लोक की भागीदारी ने इस आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।"

### समापन एवं महत्व

इस महोत्सव ने न केवल एक प्ले-परफॉर्मेंस कार्यक्रम के रूप में, बल्कि संवाद, सामाजिक प्रतिबिंब और सांस्कृतिक शिक्षण के दृष्टिकोण से भी गहरा प्रभाव छोड़ा है। आयोजन ने कला एवं समाज के बीच पुल बनाने, युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करने व सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने का काम किया है।

------------------------------------------

### शामिल लोग एवं आभार

प्रमुख व्यक्तियों में विद्या विहार परिवार के निदेशक रंजीत पाल, प्राचार्य निखिल रंजन, सचिव राजेश चन्द्रा मिश्रा; एनएसडी रंगमंडल प्रमुख राजेश सिंह; विशिष्ट अतिथि विश्वेक चौहान, रवि साहा, सी.के. मिश्रा, स्वरूप दास, श्री त्रिदीप मुखर्जी, अक्षय शर्मा, उमेश जी, रमेश मिश्रा; कलाकार एवं लगभग 100-200 रंगप्रेमी नागरिक पूर्णिया एवं आस-पास से उपस्थित रहे।कार्यक्रम संयोजन एवं जन संपर्क में श्री मिथिलेश राय और राहुल शांडिल्य का विशेष योगदान रहा

# भूरी भगवती मंदिर में नवरात्र पर सज गया माँ का मंदिर, नवरात्र पर श्रद्धांलूओं की उमड़ रही है भीड़

**न्यूज़ स्केल हरदा (पूर्णिया)**

----------------------------

शारदीय नवरात्र के अवसर पर कृत्यानंद नगर प्रखंड क्षेत्र के सहरा पंचायत स्थित भूरी वाली माता भगवती मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। करुणामयी और ममतामयी माता भवानी की महिमा और किदवंतियाँ श्रद्धांलूओं कों आकर्षित करती है! नवरात्र क्व अवसर पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि यहां आने वाले प्रत्येक भक्त की मनोकामना पूरी होती है।



**2015 में हुईं थी मंदिर की स्थापना**

2015 में वैदिक मंत्रोच्चारण और प्रख्यात आचार्यों के सान्निध्य में स्थापित इस भव्य मंदिर में नवरात्र के अवसर पर सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं। श्रद्धालु मां की आराधना कर सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करते हैं।

**मेले की भव्य तैयारियां**

महानवमी और विजयादशमी के मौके पर आयोजित मेले को लेकर मंदिर कमिटी ने व्यापक तैयारी की है। अध्यक्ष चंद्रदेव झा, उपाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश झा और सदस्य संतोष झा, रतन ठाकुर, उमेश साह, जयप्रकाश साह, नंदलाल साह, ज्योतिष साह, सोनू मिश्र, पवन साह सहित ग्रामीणों ने मिलकर पंडाल सजावट, रोशनी, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित किया है।

**छागर बलि और सांस्कृतिक**

नवरात्र मे परंपरागत छागर बलि के लिए सैकड़ों श्रद्धालु कतारबद्ध होकर मंदिर में पहुंचते हैं। इसके साथ ही मेला कमिटी ने इस बार भी भक्ति-सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन रखा है। पूर्व में यहां दंगल प्रतियोगिता और नामचीन कलाकारों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को खासा आकर्षित किया था।

**आसपास के जिलों से उमड़ रही भीड़**

भूरी भगवती मंदिर की ख्याति सिर्फ पूर्णिया तक सीमित नहीं है। आसपास के पंचायतों के साथ ही कटिहार जिले के फलका और कोढ़ा प्रखंड से भी बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन हेतु यहां पहुंच रहे हैं।

# रूपौली में विकास की नई पहल : तीन एचएल आरसीसी पुल निर्माण

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

रूपौली विधानसभा क्षेत्र में सड़क और पुल परियोजनाओं को गति मिलने लगी है। विधायक शंकर सिंह का प्रयास रंग लाने लगा है, कुशुमरही से पटराहा नदी, कलमबाग से करमनचक नदी तथा भिखना घाट पर एचएल आरसीसी पुलों का निर्माण होने जा रहा है। उक्त बाते विधायक प्रतिनिधि ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है ! उन्होंने कहा है कि ग्रामीण कार्य विभाग ने इस संबंध में पटना से सर्वे टीम भेज दी है, जो निर्माण प्रक्रिया को अंतिम रूप देगी। इन पुलों के बनने से क्षेत्रवासियों को सुगम यातायात सुविधा मिलेगी और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा व्यापार के क्षेत्र में विकास के नए अवसर खुलेंगे।



इस सम्बन्ध में विधायक शंकर सिंह ने कहा कि यह पुल केवल कंक्रीट के ढांचे नहीं, बल्कि विकास के मार्ग होंगे। उनका मानना है कि आने वाले समय में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार के क्षेत्र में और बड़े कार्य पूरे किए जाएंगे। उन्होंने जनता से वादा किया कि रूपौली के हर नागरिक को विकास की इस यात्रा में शामिल किया जाएगा। विधायक ने कहा कि विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है कि पिछले 24 वर्षों में इन पुलों के लिए कोई ठोस पहल नहीं हो पाई थी, जबकि विधायक शंकर सिंह ने महज 14 माह के कार्यकाल में इस कार्य को संभव बनाया है। यह परियोजना को रूपौली विधानसभा क्षेत्र में विकास की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, और आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक मील का पत्थर साबित होगी।

# रुपौली में बिहार संयुक्त शिक्षक संघ की प्रखंड इकाई का गठन एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

**न्यूज़ स्केल रुपौली**

रुपौली स्थित निजी विद्यालय संत पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बिहार संयुक्त शिक्षक संघ, पूर्णिया के बैनर तले प्रखंड इकाई रुपौली का गठन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला संघ द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक संगठन सचिव नितेश कुमार एवं संयुक्त सचिव रियाजउद्दीन ने की। समारोह में दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष दीपक सिंह भदौरिया मौजूद रहे। वहीं, विशेष अतिथि के रूप में जिला कोषाध्यक्ष चंदन कुमार साह, जिला सचिव जितेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष विजय कुशवाहा, जिला संयुक्त सचिव ज्योतिष सरकार और संतोष कुमार उपस्थित थे।

सत्र की शुरुआत जिला पदाधिकारियों द्वारा सम्मान समारोह से हुई। समारोह में प्रधान शिक्षक के रूप में चयनित सभी प्रधान शिक्षकों को कलम और डायरी देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात बैठक में उपस्थित शिक्षकों की सहमति से प्रखंड इकाई के लिए नए पदाधिकारियों का चयन किया गया।

**नए पदाधिकारी निम्नलिखित हैं:**

प्रखंड संयोजकः नितेश कुमार,प्रखंड सह संयोजकः रियाजउद्दीन,प्रखंड अध्यक्षः जीवन कुमार,जिला महासचिवः गणेश पासवान प्रखंड सचिवः अंकेश कुमार प्रखंड कोषाध्यक्षः यश कुमार पोद्दार,प्रखंड उपाध्यक्षः अनिल कुमार, सुमन कुमार संयुक्त सचिवः नीतीश कुमार जिला प्रतिनिधिः राजेश कुमार,सलाहकार समिति सदस्यः संजय कुमार

समारोह एवं बैठक में शिक्षक समुदाय के बीच संगठन की मजबूती और आपसी सहयोग की भावना दिखाई दी।

### देशी शराब के साथ एक कों किया गिरफ्तार

भवानीपुर थाना पुलिस ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 10 लीटर देशी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मोहम्मद आजाद, उम्र 45 वर्ष, पिता मोहम्मद सकीम, निवासी जावे, वार्ड संख्या 13, थाना भवानीपुर, जिला पूर्णिया के रूप में की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि शराब की खेप स्थानीय स्तर पर खपत और अवैध बिक्री के लिए लाई गई थी। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए छापेमारी की और शराब जब्त कर ली। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है।

# कसबा प्रखंड में सड़क निर्माण कार्यों का ग्रामीणों ने किया विरोध,

**न्यूज़ स्केल कसबा (पूर्णिया)**

----------------------------

कसबा प्रखंड क्षेत्र के लखना पंचायत अंतर्गत डुमरी से दुबेली तक जाने वाली जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण कार्यों कों लेकर पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने विरोध जताया है। उनका कहना है कि वर्षों से खराब स्थिति में रही इस सड़क का टेंडर हुआ,और निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है।



लखना पंचायत के मुखिया मोहम्मद अनवर ने कहा कि सड़क निर्माण में मिट्टी भराई और बेडमिसाली सही तरीके से नहीं की गई है, जिसके कारण बारिश पड़ते ही सड़क कटने लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना सही मापी किए सड़क का निर्माण कराया जा रहा था। जिससे सड़क की लाइनिंग भी गलत हो गई है।

समिति सदस्य मोहम्मद असरफ ने बताया कि सड़क किनारे नदी के पास ब्लैडर पिचिंग का कार्य भी अधूरा छोड़ दिया गया है। जहां पिचिंग जरूरी था, वहां कार्य नहीं हुआ और जो ब्लैडर लगाया गया था, वह बरसात में नदी में बह गया। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में सड़क बनने का कोई लाभ नहीं मिलेगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि तीन प्रखंडों को जोड़ने वाली इस सड़क का निर्माण नियमपूर्वक और मानक के अनुरूप कराया जाए, क्योंकि इस मार्ग से रोजाना करीब 2 से 3 हजार लोग आवागमन करते हैं।

# दुर्गा पूजा को लेकर डंगराहा-मीरगंज में शांति समिति की बैठक

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

-----------------------

डंगराहा ओपी एवं मीरगंज थाना क्षेत्र में आगामी दुर्गा पूजा को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय पुलिस अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और समाज के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।



बैठक में सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था और पूजा स्थल पर आपातकालीन सेवाओं के प्रबंध पर विशेष चर्चा की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने सहयोग और जागरूकता के जरिए पूजा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया।

# सदर थाना की कार्रवाई : अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

-----------------------

पूर्णिया सदर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। सदर थाना पुलिस द्वारा छापामारी कर एक टोटो वाहन समेत कुल 137.850 लीटर विदेशी शराब जप्त की गई। इस कार्रवाई में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मो0 आशिक (19 वर्ष), पुत्र मो0 एजुल, निवासी वार्ड नं0 35, पूर्णिया सिटी, थाना सदर, जिला पूर्णिया के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत थाने या नजदीकी पुलिस चौकी से साझा करें। सदर थाना की यह कार्रवाई जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है।

# अररिया में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 की समीक्षा

**न्यूज़ स्केल अररिया**

विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत, निर्वाचक सूची प्रेक्षक-सह-आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, श्री राजेश कुमार, भा. प्र.से. ने आज अररिया जिला का दूसरा दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची की सटीकता और विश्वसनीयता की समीक्षा करना था।

**समीक्षा बैठक में चर्चा**

दौरे के दौरान, प्रेक्षक-सह-आयुक्त ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अररिया, श्री अनिल कुमार, भा. प्र.से., भी उपस्थित रहे। बैठक में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।



**दावे और आपत्तियों की गहन जांच :**

प्रेक्षक-सह-आयुक्त ने मतदाता सूची से संबंधित प्राप्त दावा-आपत्ति, नोटिस निर्गत करने और अन्य अभिलेखों की गहन समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कोई योग्य मतदाता सूची में शामिल होने से छूट न जाए और साथ ही फर्जी या डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाया जाए।

**समयसीमा और निष्पक्ष चुनावों पर जोर :**

बैठक के बाद, राजेश कुमार ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का आधार है। उन्होंने अधिकारियों से पूरी लगन और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। यह कदम आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मजबूत और त्रुटिहीन मतदाता सूची तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

**बैठक में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारी** : बैठक में वरीय प्रभारी निर्वाचन अररिया श्री अजय कुमार ठाकुर, अपर समाहर्ता अररिया श्री अनिल कुमार झा, उप विकास आयुक्त अररिया श्रीमती रोजी कुमारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी अररिया डॉ. राम बाबू कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी अररिया श्री मनीष कुमार के साथ सभी ईआरओ, एईआरओ और बीएलओ उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की और आगामी कार्यों के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना : 26 सितंबर को जीविका दीदियों के खाते में पहली किस्त

**न्यूज़ स्केल अररिया**

अररिया जिले में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत 26 सितंबर 2025 को होने जा रही है। इस योजना के तहत जीविका दीदियों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 10-10 हजार रुपये की पहली किस्त सीधे उनके बैंक खातों में दी जाएगी। राशि प्रधानमंत्री ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।

**योजना का लाभ और आवेदन प्रक्रिया** : : पहली किस्त खेती, पशुपालन, हस्तशिल्प, सिलाई-बुनाई और छोटे उद्यम शुरू करने के लिए दी जा रही है। योजना का लाभ पाने के लिए महिलाओं का जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ा होना आवश्यक है।



ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं ग्राम संगठन में आवेदन देकर सदस्यता ले सकती हैं।

शहरी क्षेत्र की महिलाएं ऑनलाइन (BRLPS.IN) आवेदन कर सकती हैं।

जो महिलाएं अभी तक जीविका से नहीं जुड़ी हैं, उन्हें पहले समूह में शामिल होना होगा।

**भविष्य की योजना** : पहली किस्त मिलने के बाद जीविका कर्मियों द्वारा लाभार्थियों की प्रगति की लगातार निगरानी की जाएगी। 6 माह बाद प्रगति का आकलन करने के बाद दूसरी किस्त में 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता राशि दी जाएगी। इसके लिए ग्रामीण विकास विभाग अलग से निर्देश जारी करेगा।

**कार्यक्रम का आयोजन** :

पटना मुख्यालय से लेकर जिला और प्रखंड मुख्यालय, तथा ग्राम संगठनों तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम होगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, जिला अधिकारी और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं भाग लेंगी। प्रखंड मुख्यालयों में बीडीओ की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित होगा। सभी ग्राम संगठनों में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा, ताकि हर महिला इससे जुड़ सके।

## मारवाड़ी कॉलेज किशनगंज में अवैध वसूली का मामला, कुलपति की भूमिका पर सवाल

**पूर्णिया,** (हि.स.)।पूर्णिया विश्वविद्यालय के अंतर्गत मारवाड़ी कॉलेज, किशनगंज में नामांकन के दौरान अवैध वसूली का आरोप सामने आया है।

छात्रों का कहना है कि कॉलेज प्रशासन ने प्राचार्य डॉ. संजीवा कुमार के आदेश पर नियमों की अनदेखी करते हुए सभी वर्गों से 300 रुपये लिए। जबकि राजभवन और विश्वविद्यालय ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि छात्राओं का नामांकन निःशुल्क होगा, एससी-एसटी छात्रों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा और अन्य से केवल निर्धारित राशि ही ली जाएगी।



कई छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया है कि निःशुल्क नामांकन की सरकारी सुविधा के बावजूद उनसे पैसे वसूले गए। इसे लेकर एबीवीपी ने विरोध दर्ज कराया और कार्रवाई न होने पर पूर्णिया विश्वविद्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।

छात्रों का कहना है कि जब तक अवैध वसूली की गई राशि वापस नहीं की जाती और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।

कुलपति की चुप्पी पर भी सवाल उठ रहे हैं कि बार-बार शिकायत के बाद भी उन्होंने अब तक कोई कदम क्यों नहीं उठाया।

यह मामला विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली और शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर ठोस कदम उठाता है या नहीं।

## कटिहार जिले में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन

**कटिहार**, (हि.स.)। जिले के कदवा प्रखंड में मंगलवार को प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई कदवा द्वारा रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक इंद्रशेखर इंदु, जिला स्तरीय जीविका प्रबंधक और प्रखंड परियोजना प्रबंधक सुतापा राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

जिला परियोजना प्रबंधक ने रोजगार सह मार्गदर्शन मेला पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न कंपनियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीविका का प्रयास हमेशा से विभिन्न माध्यमों द्वारा लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़कर गरीबी से निजात दिलाने के लिए हमेशा प्रयासरत है।



उन्होंने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के बारे में उपस्थित महिलाओं को विस्तार से बताया और कहा कि यह सरकार की सबसे बड़ी योजना है, जिसका लाभ लेकर महिलाएं कुछ ना कुछ स्वरोजगार से अवश्य जुड़ेगी। जीविका दीदी सशक्त होकर अपने परिवार एवं समाज का मान बढ़ा रही है।

इस कार्यक्रम में आमदनी, नव भारत फर्टिलाइजर, एलएनजे स्किल्स, भारद्वाज, गार्डियन ट्रेनिंग, टाटा मोटर्स, एमपीआर फाउंडेशन, एचडीएफसी, मनीटर्, दक्ष एकेडमिक, आमधनी, होप केयर सर्विस, आगा खान फाउंडेशन इत्यादि कंपनियों ने भाग लिया। विभिन्न कंपनियों द्वारा 1256 युवाओं का डायरेक्ट प्लेसमेंट हेतु पंजीयन किया गया तथा 311 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण हेतु पंजीयन किया गया।

इस कार्यक्रम के सफल संचालन में क्षेत्रीय समन्वयक रविन्द्र कुमार, सामुदायिक समन्वयक, लेखापाल विकास कुमार तथा सामुदायिक कैडर जीविका मित्र, एमआरपी, बीएलआरपी, संकुल संघ के प्रतिनिधि सदस्य आदि शामिल हुए।

## खनन विभाग की मनमानियों के खिलाफ ट्रैक्टर मालिकों ने की बैठक

**अररिया** (हि.स.)। फारबिसगंज प्रखंड के रमई स्थित मंगला चौक के समीप मंगलवार को ट्रैक्टर मालिकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गौरव चौधरी उर्फ मिठ्ठू चौधरी ने की।

बैठक में ट्रैक्टर मालिकों ने खनन विभाग की मनमानियों पर आक्रोश व्यक्त करते हुए मालिकों और चालकों को परेशान करने का आरोप लगाया।

बठक में ट्रैक्टर मालिकों ने कहा कि किसान अगर एक टेलर मिट्टी भी अपने खेतों से निजी कार्य के लिए ले जाते है उसे भी परेशानी उठानी पड़ती है। इस दौरान ट्रैक्टर मालिकों ने एक संगठन की दिशा में पहल करने का निर्णय लिया।



ट्रैक्टर मालिकों का भी एक संघ बने इस दिशा में ठोस पहल शुरू करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही जिले के सभी ट्रैक्टर मालिकों से संपर्क कर संगठन की रूप रेखा तय की जाएगी तथा सरकार एवं वरीय अधिकारियों को इस दिशा में अवगत कराया जाएगा।

बैठक में मुखिया प्रतिनिधि मो.रियाज, गुलशन ठाकुर, मो. इकबाल, जयकांत मंडल, सुनील बहरदार, राजीव ठाकुर, अरमाज आलम, रूपेश कुमार मंडल, रंजीत कुमार सिंह, राकेश यादव, जोगिंदर सरदार, मो. रज्जाक मो.रफीक, सुमन कुमार, चंदन चौधरी, मंजय कुमार, मो. मुमताज, कलानंद यादव सहित दर्जनों ट्रैक्टर संचालक मौजूद थे

## कृषि विज्ञान केंद्र कटिहार में एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल

**कटिहार,** (हि.स.)। कृषि विज्ञान केंद्र कटिहार में मंगलवार को एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल का आयोजन किया गया। यह हड़ताल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर प्रशासन द्वारा मनमाने ढंग से लिए गए निर्णय के विरोध में आयोजित की गई थी।

कृषि विज्ञान केंद्र कटिहार के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. मृणाल वर्मा के नेतृत्व में सभी कर्मियों ने एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल में भाग लिया। कर्मियों ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के अधीनस्थ केवीके के अनुरूप समान वेतनमान, पदोन्नति, समान सेवानिवृत्ति आयु एवं सेवानिवृत्ति लाभ जैसे पेंशन ग्रेच्युटी की मांग की।



कृषि विज्ञान केंद्रों के उन्नयन के लिए बनी आर एस परोदा कमिटी की सिफारिशों को कृषि विज्ञान केन्द्र एवं किसानों के हित में जल्द से जल्द लागू करने की मांग कर्मियों ने की। कर्मियों ने कहा कि पूरे देश में मात्र 9 प्रतिशत कृषि विज्ञान केंद्र का प्रशासनिक नियंत्रण भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पास है, जिनके कर्मियों को सभी सुविधाएं मिल रही हैं, लेकिन अन्य संस्थानों के अंतर्गत आने वाले कृषि विज्ञान केंद्रों के कर्मियों को मौलिक सुविधा से वंचित किया जा रहा है।

कृषि वैज्ञानिक ने कहा कि सरकार के उक्त निर्णय के कारण कृषि विज्ञान केन्द्र के कर्मियों के बीच काफी असंतोष व्याप्त है। इस कलम बंद हड़ताल में कृषि विज्ञान केंद्र, कटिहार के सभी वैज्ञानिकों एवं कर्मियों ने भाग लिया और अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई।

## केनगर थाना क्षेत्र में बिजली के करंट से नाबालिग की मौत



**न्यूज़ स्केल केनगर**

केनगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत के वार्ड संख्या-9 स्थित चातर नहर टोला में मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे बिजली के करंट लगने से एक 10 वर्षीय नाबालिग की मौत हो गई। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक घटना के समय बच्चा पोखर के पास बने शौचालय के पास खेल रहा था, तभी नंगे तार की चपेट में आने से उसकी तुरंत मौत हो गई। मृतक की पहचान भवेश ऋषि का पुत्र के रूप में हुई है। मृतक की मौत की खबर मिलते ही परिजन एवं स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे। घटनास्थल पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने भी बिजली विभाग को दोषी ठहराते हुए मुआवजे की मांग की। इस घटना के बाद इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## बड़हरा कोठी में स्थानांतरित और नव-पदस्थापित कार्यक्रम पदाधिकारी का सम्मानपूर्वक विदाई-स्वागत समारोह

**न्यूज़ स्केल बड़हरा कोठी**

बड़हरा कोठी मनरेगा भवन में कार्यक्रम पदाधिकारी अबू नसर फैजी के स्थानांतरण के बाद उनका सम्मानपूर्वक विदाई और नवपदस्थापित कार्यक्रम पदाधिकारी दिलीप कुमार का स्वागत समारोह पूर्वक किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों और मनरेगा कर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

**स्वागत और सम्मान समारोह**

समारोह का शुभारंभ जीविका दीदियों द्वारा स्वागतगान से किया गया। स्थानांतरित कार्यक्रम पदाधिकारी अबू नसर फैजी का सम्मान सुखसेना पंचायत की मुखिया सरिता देवी, दिबराधानी के मुखिया ठाकुर चंदन सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा अंगवस्त्र और माला पहनाकर किया गया। वहीं नवपदस्थापित कार्यक्रम पदाधिकारी दिलीप कुमार का स्वागत पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर किया गया।



**क्षेत्रीय विकास में योगदान**

समारोह को संबोधित करते हुए औराही पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मुक्तानंद मुक्त ने अबू नसर फैजी के क्षेत्रीय विकास में योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय स्थापित करने में उनकी कार्यकुशलता काबिलेतारीफ रही। उन्होंने स्थानांतरित पदाधिकारी के भविष्य की शुभकामनाएँ दी और नवपदस्थापित पदाधिकारी को सहयोग की अपील की।

**नशुभकामनाएँ और आभार व्यक्त**

मुखिया संघ के अध्यक्ष ठाकुर चंदन सिंह ने भी अबू नसर फैजी के कार्यों की सराहना की और नव पदाधिकारी दिलीप कुमार को शुभकामनाएँ दी। समारोह में अबू नसर फैजी ने अपने सेवा काल में सहयोग देने वाले सभी कर्मियों और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए नव पदाधिकारी को समर्थन देने का अनुरोध किया।

**उपस्थित जनप्रतिनिधि और कर्मी**

समारोह में सुखसेना पंचायत की पूर्व मुखिया सरिता देवी, समाजसेवी रौशन कुमार मिश्र, मुखियापति कमलानंद झा उर्फ पुटूर झा, पंचायत समिति सदस्य मुक्तानंद मुक्त सहित अन्य पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और सभी मनरेगा कर्मी उपस्थित रहे।

## सैमसंग मोबाइल डीलर जालसाजी का दोषी कोर्ट ने सुनाई 2 साल कारावास

**न्यायालय संवदाता पूर्णिया**

**20,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा**

सैमसंग मोबाइल कंपनी के डीलर मो० साजिद उर्फ मजू को जालसाजी और धोखाधड़ी के आरोप में दोषी करार देते हुए अदालत ने कड़ी सजा सुनाई है।उक्त जानकारी जिला अभियोजन कार्यालय, पूर्णियाँ द्वारा दी गयी ! बताया गया है कि हिन्दुस्तान टेंड्रिग के मालिक मो० साजिद उर्फ मजू पर आरोप था कि उन्होंने पूर्व से एक्टिवेटेड मोबाइल (डेमों) सेट को ग्राहक को बेचकर धोखाधड़ी की। इस मामले में के हाट थाना में प्राथमिकी संख्या 774/2019 दर्ज की गई थी। न्यायालय ने घटना का संज्ञान 24 मार्च 2021 को लिया था। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी, श्री अमित कुमार ने अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के तहत दोषी पाते हुए 2 वर्ष कारावास और 20,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। दोषी द्वारा यदि अर्थदण्ड का भुगतान नहीं किया गया तो अतिरिक्त 3 महीने का कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पदाधिकारी, श्रीमति रूपा कुमारी द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अभियोजन पक्ष ने मामले में अहम भूमिका निभाई। यह सजा उपभोक्ताओं के हित की रक्षा और व्यापार में ईमानदारी बनाए रखने के लिए न्यायपालिका की कड़ी कार्रवाई को दर्शाती है।

## केनगर थाना क्षेत्र में बिजली के करंट से नाबालिग की मौत



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

साइबर थाना पूर्णियाँ की सक्रियता के चलते साइबर ठगी का शिकार रामदेव ऋषि, निवासी थाना जानकीनगर, को 1,14,000/- रुपये वापस दिलाए गए। जानकारी के अनुसार, रामदेव ऋषि ऑनलाइन लेन-देन में ठगी का शिकार हुए थे। घटना की सूचना मिलने पर साइबर थाना ने तत्काल जांच शुरू की और साइबर ठगों का पता लगाकर रकम की बरामदगी सुनिश्चित की। पीड़ित ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे साइबर अपराधों में डर कम होगा और लोग ऑनलाइन लेन-देन सुरक्षित महसूस करेंगे।

# सुपौल ने भरी उड़ान : मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम मे सेविका और सहायिकाओं ने बनायी रंगोली, किया मतदाता को जागरूक

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

सुपौल समाहरणालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं ने आकर्षक रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश प्रदर्शित किया। रंगोली में यह अपील की गई कि सभी मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। इस पहल से आम जनता में मतदान के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

**हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत** : कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन ने हस्ताक्षर अभियान की भी शुरुआत की। जिलाधिकारी सावन कुमार ने स्वयं हस्ताक्षर कर मतदाताओं को मतदान में शामिल होने का संदेश दिया। इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक मतदाता का योगदान लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम है।




**सेल्फी पॉइंट से संदेश**

समाहरणालय परिसर में बनाए गए विशेष सेल्फी पॉइंट पर जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त सारा अशरफ, वरीय उप समाहर्त्ता, प्रबंधक डीआरसीसी एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने फोटो खिंचवाकर "मेरा वोट – मेरा अधिकार" का संदेश साझा किया। इस पहल से युवा वर्ग में मतदान के प्रति उत्साह और भागीदारी बढ़ाने का उद्देश्य सामने आया।



## बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर जिला शाखा ने 11 सूत्री मांग को लेकर किया समाहरणालय गेट पर विरोध प्रदर्शन, जिला पदाधिकारी को सौंपा मांगो का एक ज्ञापन

**न्यूज़ स्केल सुपौल**






अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ से संबद्ध बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर जिले में आज राष्ट्रव्यापी आन्दोलन के तहत धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिले भर से आए पदाधिकारी और कर्मचारी अपनी एकजुटता दिखाने के लिए उपस्थित थे। उन्होंने सरकार से 11 सूत्री मांगों को लागू करने की सख्त मांग की।

**सरकारी नीतियों में सुधार की मांग** : धरना प्रदर्शन में सरकारी विभागों में निजीकरण और ठेका प्रथा पर रोक लगाने, वेतनमान विसंगतियों को दूर करने और राज्य कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान सुविधाएँ देने की मांग की गई। महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

**धरना में बड़ी संख्या में उपस्थित कर्मचारी** : इस अवसर पर जिला मंत्री सूर्य नारायण राम, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, राजेश चन्द्रा, विभूति कुमार, राजबली पाठक, सुभाष कुमार, मो रहमत, मो नजरे आलम, ओम कुमार, प्रिय रंजन, प्रदीप सिंह, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे। सभी ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए सरकार से मांगों के जल्द समाधान की अपील की।

**मुख्य मांगों का ज्ञापन** : धरना कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने सरकार को ज्ञापन सौंपा। इसमें सभी चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने, PERDA अधिनियम समाप्त करने, NPS/UPS हटाकर पुरानी पेंशन योजना लागू करने, आठवें वेतन आयोग का गठन और पाँच वर्ष में वेतन पुनरीक्षण करने की मांग की गई। इसके अलावा नई शिक्षा नीति रद्द करने, सभी अनुबंधित कर्मियों को नियमित करने और महंगाई भत्ता व राहत की बकाया किस्तें देने की भी अपील की गई।

## सेवा पर्व को लेकर हंसवाहिनी स्कूल के बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**न्यूज़ स्केल निर्मली**

निर्मली अनुमंडल स्थित हंसवाहिनी विद्यासागर विद्यालय में मंगलवार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, सुपौल वन प्रमंडल के तत्वावधान में सेवा पर्व 2025 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के बीच जलवायु परिवर्तन और वन संरक्षण विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी कल्पनाओं और चित्रकारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश लोगों तक पहुंचाया।




इस दौरान बच्चों ने पौधारोपण किया और पेड़-पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

**सामूहिक प्रयास और जिम्मेदारी का संदेश** : सुपौल वन परिषद की अर्चना कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि उसकी देखभाल और संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वहीं वन उपपरिषद पदाधिकारी वर्जेश कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और जलस्रोतों को बचाने की दिशा में सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। मौके पर शिक्षिका रुखसार आरजू, सूरज पाण्डेय, सुमित ठाकुर समेत अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे और बच्चों के उत्साह की सराहना की।

**विद्यालय फाउंडर और वन विभाग की प्रेरक बातें :**

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय फाउंडर राम प्रकाश साह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण सुरक्षा और जलवायु संतुलन के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना असंभव है, इसलिए बच्चों को छोटी उम्र से ही पेड़-पौधों के महत्व और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में शिक्षित करना जरूरी है।

## सुपौल में "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान की प्रगति की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

जिले में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के क्षेत्र में महिलाओं एवं परिवारों की सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान की प्रगति की समीक्षा आज सिविल सर्जन, सुपौल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से ANC (एंटीनेटल चेकअप), HRP, NCD स्क्रीनिंग और री-स्क्रीनिंग, तथा काउंसलिंग जैसे स्वास्थ्य सूचकांकों पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही 25 सितंबर 2025 को HPV वैक्सीनेशन के सफल आयोजन के लिए माइक्रोप्लान तैयार कर जिला स्तर पर लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक बाल कृष्ण चौधरी, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक, जिला आयुष्मान के ऑर्डिनेटर, ABDM समन्वयक, तथा प्रखंड स्तर से DS/MOIC, स्वास्थ्य प्रबंधक, BCM और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। सिविल सर्जन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और जागरूकता बढ़ाने हेतु सभी प्रखंडों में नियमित निगरानी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।




# श्रद्धा और आस्था का संगम : सुपौल में मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

## दुर्गा सप्तशती पाठ और महाआरती से गूंजे मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

सुपौल जिले में शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप देवी ब्रह्मचारिणी की आराधना हर्षोल्लास और गहन आस्था के साथ की। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घंटों की गूंज और वैदिक मंत्रोच्चारण से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। दुर्गा सप्तशती पाठ और भजनों के बीच श्रद्धालु मां के चरणों में मत्था टेकते रहे।


**नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा-अर्चना** : नगर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों और सार्वजनिक पूजा स्थलों जैसे गांधी मैदान, बड़ी दुर्गा स्थान, रेलवे मालगोदाम के साथ-साथ सदर प्रखंड के सुखपुर, परसरमा, बरेल, बरुआरी, लौकहा, वीणा, करिहो, पथरा, पिपरा, निर्मली, वीरपुर, डभारी बभनी, भीमनगर, राघोपुर, करजाइन, मरौना, छातापुर, जदिया, त्रिवेणीगंज और सरायगढ़, किशनपुर सहित अन्य मंदिरों में बड़ी संख्या में लोग जुटे। महिलाएं पूजा की थाल लिए कतारबद्ध होकर आरती में सम्मिलित हुईं, जबकि युवा और बच्चे भी उत्साह के साथ देवी आराधना में शामिल रहे।



**सुरक्षा और सामाजिक संदेश** पूरे दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। प्रशासन ने सुरक्षा और साफ-सफाई का विशेष इंतजाम किया। लोग प्रसाद ग्रहण कर घर लौटते समय जयकारे लगाते नजर आए। यह आयोजन केवल आस्था का उत्सव नहीं बल्कि समाज में एकता और सामूहिकता का प्रतीक भी बन गया है। आयोजन समिति पंडाल सजाने और अन्य तैयारियों में जुटी हुई है।

**पूजा का धार्मिक महत्व**

मां ब्रह्मचारिणी की पूजा तप, संयम और सदाचार का प्रतीक मानी जाती है। पंडितों के अनुसार, इस आराधना से साधक को तपस्या की शक्ति और जीवन की कठिनाइयों का सामना करने का संबल मिलता है। श्रद्धालुओं का मानना है कि पूजा से धैर्य और आत्मबल में वृद्धि होती है।



## पिपरा में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ देने हेतु जीविका कार्यालय में युद्ध स्तर पर चल रहा कार्य

**न्यूज़ स्केल पिपरा**

प्रखंड स्थित जीविका कार्यालय में जीविका दीदीयों को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत लाभ देने हेतु जीविका कार्यालय में युद्ध स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं ताकि सरकार के इस दूरगामी योजना का लाभ जीविका दीदीयों को समय पर दिया जा सके. दरअसल मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत सरकार द्वारा सभी जीविका दीदीयों को आर्थिक सहायता के रुप में 10 हजार रूपये प्रथम किश्त के रूप में दी जा रही है. जिसको लेकर तमाम जीविका दीदी का फॉर्म ऑन लाइन किया जा रहा है.सरकार के गाइड लाइन के अनुसार जीविका दीदीयों का डोक्यूमेंट ऑन लाइन किया जा रहा है.मौके पर मौजूद पिपरा के प्रखंड परियोजना प्रबंधक कन्हैया कुमार ने बताया कि 26 तारीख को पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम नितीश कुमार द्वारा करीब 75 लाख जीविका दीदीयों के खाता में दस - दस हजार कि राशि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत भेजा जाएगा जिसके बाद जीविका से जुड़ने वाली तमाम महिलाओं के खाता में भी यह राशि भेजी जाएगी.जिसको लेकर जीविका कार्यालय द्वारा लगातार युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है ताकि समय पर महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल सके।



## 45 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल और बिहार पुलिस ने संयुक्त रूप से 129 लीटर नेपाली शराब जब्त



**न्यूज़ स्केल सुपौल**

45वीं वाहिनी कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी सीमा चौकी नरपतपट्टी के जिम्मेवारी क्षेत्र में स्पर संख्या 1827 के समीप से मादक पदार्थ की तस्करी होने की संभावना है इसी क्रम में बिना विलंब एसएसबी तथा बिहार पुलिस के कार्मिको की संयुक्त नाका पार्टी का गठन किया गया। इसी क्रम में नाका पार्टी सूचना आधारित जगह पर तीन व्यक्ति स्पर संख्या 1827 के पास कोशी नदी किनारे बोरी में सामान लेकर गांव की तरफ जाने की फिराक में है। जैसे ही नाका पार्टी व्यक्ति के पास पहुंचा तो पार्टी को देखते ही तीनों व्यक्ति बोरी फेंक कर कोसी नदी एवं अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले । मौके पर कुल 5 बोरी पाया गया बोरी की तलाशी लेने पर पता चला की इन बोरी में कुल 129 लीटर नेपाली शराब है। आवश्यक कार्यवाही करने के बाद ज़ब्त शराब को पुलिस स्टेशन रतनपुरा को सुपुर्द कर दिया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक सामान्य मुन्ना सिंह एवं अन्य जवान तथा बिहार पुलिस के सहायक उप निरीक्षक आत्माराम व अन्य बालकर्मी उपस्थित रहें।

# एसएसबी और बिहार पुलिस ने की संयुक्त रूप से छापेमारी 7.3 किलोग्राम गांजा किया जब्त

## नाका पार्टी को देख संदिग्ध व्यक्ति बोरी फेंककर भाग गया, लेकिन गांजा मौके पर बरामद हुआ

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

सुपौल में 45 वीं वाहिनी सशस्त्र बल और बिहार पुलिस के संयुक्त विशेष नाका ड्यूटी के दौरान सीमा स्तंभ संख्या 201 से 200 मीटर भारत की तरफ़ 7.3 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। जानकारी देते हुए 45 वीं वाहिनी के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सीमा पार से होने वाली तस्करी को रोकने के लिए एसएसबी और बिहार पुलिस के अधिकारी व जवान दिन-रात मुस्तैदी से तैनात हैं। उनका यह संयुक्त प्रयास असामाजिक तत्वों के मंसूबों पर पानी फेरने में सफल रहा।

**सूचना पर आधारित कार्रवाई** सूचना मिली थी कि सीमा स्तंभ संख्या 201 के समीप मादक पदार्थ की तस्करी हो सकती है। इस सूचना के आधार पर एसएसबी और बिहार पुलिस के कर्मियों की संयुक्त नाका पार्टी का गठन किया गया। नाका पार्टी ने रात लगभग 10:45 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा जो छुपावदार रास्ते से नेपाल से भारत की तरफ़ बोरी लेकर जा रहा था।




**संदिग्ध फरार, गांजा जब्त**

जैसे ही नाका पार्टी व्यक्ति के पास पहुँची, उसने बोरी फेंक कर नेपाल की ओर भागने की कोशिश की। मौके पर बोरी की जांच करने पर उसमें 7.3 किलोग्राम गांजा पाया गया। आवश्यक कार्यवाही के बाद गांजा को बीरपुर पुलिस स्टेशन को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक सामान्य नंदलाल एवं अन्य जवान और बिहार पुलिस के सहायक उप निरीक्षक सिकंदर राय सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## पिपरा पुलिस ने की सघन वाहन तलाशी, वाहन चालकों में मचा हड़कंप



**न्यूज़ स्केल पिपरा**

थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक के निर्देश और आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पिपरा पुलिस ने मंगलवार को NH-327 ई दिनापट्टी रेलवे पुल समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान दो पहिया चार पहिये वाहन को रोककर तलाशी लिया। जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा और पुअनि ललन कुमार झा , एसआई ममता कुमारी सहित अन्य पुलिस कर्मी ने इस अभियान के तहत सेकरो वाहनों की तलाशी ली। थानाध्यक्ष ने बताया अपराधियों और नशा के कारोबार से जुड़े लोगों पर नकेल कसने के लिए यह कारवाई की जा रही है जो लगातार चलेगी। चेकिंग के दौरान दो पहिए वाहनों पर बिना हेलमेट पहने व्यक्ति और ट्रिपल लोडिंग बाइक सवार को रोककर हिदायत दी गई कि आने वाले दिनों में बिना हेलमेट के पकड़े जाने वाले का चालान काटा जाएगा।

# नीतीश कुमार ने वाल्मिकीनगर में 1198 करोड़ की 357 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

**बेतिया** (हि.स.)। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज वाल्मिकीनगर स्थित लवकुश इको टूरिज्म पार्क से कुल 1198.86 करोड़ रुपये की 357 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें शामिल हैः 197.36 करोड़ रुपये लागत की 237 योजनाओं का उद्घाटन, 586.67 करोड़ रुपये लागत की 114 योजनाओं का शिलान्यास, और 414.83 करोड़ रुपये लागत की 6 योजनाओं का शिलान्यास, जो प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पार्क का निरीक्षण कर परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में योजनाओं के लाभ और महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र का समग्र विकास होगा। उन्होंने अधिकारियों को




परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री वाल्मिकी सभागार परिसर पहुंचे, जहाँ उन्होंने जीविका दीदियों, पेंशनधारियों और अन्य योजनाओं के लाभुकों से संवाद किया। उन्होंने लाभार्थियों से योजनाओं से मिलने वाले लाभ और उनके अनुभवों के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जनता की उपस्थिति रही। इसे क्षेत्र के विकास और सरकारी योजनाओं के लाभ को सीधे जनता तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



## वाल्मीकिनगर में मुख्यमंत्री का स्वागत, योजनाओं के लाभार्थियों ने जताया आभार

**पश्चिम चम्पारण**, (हि.स.)। माननीय मुख्यमंत्री, बिहार, श्री नीतीश कुमार का मंगलवार को वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण जिले में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने प्ले कार्ड लेकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। लाभार्थियों ने अपने प्ले कार्ड पर योजनाओं के लाभ और मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद संदेश लिखकर इसे प्रदर्शित किया, जिससे



कार्यक्रम का स्वरूप अत्यंत उत्साहपूर्ण बना। इस मौके पर उपस्थित लोग मुख्यमंत्री के साथ संवाद करने के लिए उत्साहित दिखाई दिए और उन्होंने योजनाओं के प्रभाव तथा उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलाव के अनुभव साझा किए। अधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का भी ध्यान रखा।





# नालंदा में दुर्गा पूजा को लेकर समीक्षा बैठक, डीएम-एसपी ने दिए सख्त निर्देश

**न्यूज स्केल नालंदा**

दुर्गा पूजा 2025 के अवसर पर विधि-व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में पूजा संपन्न कराने को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

**भीड़ प्रबंधन और ट्रैफिक व्यवस्था होगी सुदृढ़ :** पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि 25 सितंबर तक सभी पूजा पंडालों का लाइसेंस निर्गत कर दिया जाए। गुंडा परेड, संदिग्धों की निगरानी और लगातार गश्ती सुनिश्चित होगी। ट्रैफिक मैनेजमेंट और कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। हर्ष फायरिंग, छेड़खानी, अभद्र व्यवहार और आपत्तिजनक नारों पर विशेष निगरानी रहेगी। मद्य निषेध के तहत स्पिरिट की अवैध आवाजाही पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

**पैरामिलिट्री बल तैनात, अधिकारी सतर्क :** एसपी ने निर्देश दिया कि ब्रेथ एनालाइजर से शराब पीने वालों की जांच की जाए, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जाए और लहेरिया बाइकर्स पर कार्रवाई की जाए। पूजा समितियों के शस्त्र लाइसेंस धारियों का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा। जिले में 4000 पैरामिलिट्री जवानों की तैनाती की गई है, ताकि कहीं भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। बैठक में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, सभी एसडीओ, बीडीओ, सीओ और थाना अध्यक्ष सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए।



**पंडालों के लिए लाइसेंस अनिवार्य, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध :**
जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले के सभी छोटे-बड़े पूजा पंडालों के लिए लाइसेंस अनिवार्य होगा। डीजे का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मूर्ति विसर्जन का रूट एवं समय पूर्व से ही निर्धारित किया जाएगा। प्रत्येक पंडाल को 20 वॉलिंटियर्स की सूची पहचान पत्र एवं मोबाइल नंबर सहित देनी होगी। शांति समिति की बैठक थाना स्तर पर सुनिश्चित होगी तथा सीसीटीवी कैमरा एवं वीडियोग्राफी हर हाल में कराई जाएगी।



**सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष फोकस**
डीएम ने कहा कि चप्पे-चप्पे पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। अग्नि सुरक्षा हेतु पंडालों में पानी, बालू भरे बोरे एवं अग्निशमन बॉल की व्यवस्था करनी होगी। गोताखोरों की तैनाती और विसर्जन स्थलों पर रात्रि में लाइटिंग अनिवार्य होगी। पुलिस बल लगातार फ्लैग मार्च करेंगे। होटलों-लॉजों की जांच, उपद्रवी तत्वों की पहचान, सोशल मीडिया पर निगरानी और अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## प्रतिबंधित नशीला कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार,जेल



**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। बिहार में पूर्वी चम्पारण जिले के रक्सौल में प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। दोनों मोटरसाईकिल से उक्त कफ सिरप को डिलेवरी देने जा रहा था। इसी क्रम में भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र स्थित हरैया थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हरैया थानाध्यक्ष किशन पासवान ने बताया कि हरैया थानांतर्गत डंकन की तरफ जाने वाली रोड में पीपल पेड़ के पास एक मोटरसाइकिल से 2 व्यक्ति उत्तम गिरी पिता स्वर्ग दीपक गिरी, अमर पटेल पिता कृष्ण प्रसाद पटेल दोनों साकिन तुमरिया टोला को थाना हरैया ने 20बोतल नशीला कफ सिरफ के साथ डिलेवरी करने के दरम्यान गिरफ्तार कर अग्रिम कारवाई किया जा रहा है।

# बिहार विधानसभा की सभी सीटों पर शंकराचार्य लड़ाएंगे निर्दल गौ भक्त प्रत्याशी

**नवादा,** (हि.स.)। बद्रिका आश्रम के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मंगलवार को नवादा के जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में आयोजित सभा में कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी सीटों से गौ भक्तों को प्रत्याशी बनाया जाएगा। गौ मतदाता संकल्प यात्रा के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि गौ भक्तों का प्रचार-प्रसार भी वे स्वयं करेंगे।

**गौ रक्षा को बताया सनातन धर्म की आधारशिला :** सभा में शंकराचार्य जी ने कहा कि “सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब हम गौ माता का संरक्षण करें।” उन्होंने इसे केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति की आधारशिला बताया। उन्होंने सनातनी हिन्दुओं से अपील की कि वे केवल उन्हीं प्रत्याशियों को समर्थन दें, जो गौ रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित हों।

**राजनीतिक दलों पर उठाए सवाल :** शंकराचार्य ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय दलों से गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने का अनुरोध किया था, लेकिन अब तक किसी भी दल ने स्पष्ट पक्ष नहीं रखा। इसलिए मजबूरीवश बिहार चुनाव में स्वतंत्र रूप से गौ भक्त प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों की औपचारिक घोषणा की जाएगी।



» शंकराचार्य स्वामी कहा कि बिहार विधानसभा की सभी सीटों पर गौ भक्त प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे।

» राष्ट्रीय दलों पर आरोप लगाया कि किसी ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने पर स्पष्ट पक्ष नहीं रखा।

» गौ रक्षा को उन्होंने सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की आधारशिला बताया।

» नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उम्मीदवारों के नाम औपचारिक रूप से घोषित किए जाएंगे।

## आव्रजन विभाग ने अवैध रूप से भारत में रह रहे सूडानी युवक को पकड़ा

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। बिहार में भारत-नेपाल सीमा के रक्सौल स्थित आव्रजन कार्यालय के अधिकारियों ने एक विदेशी युवक को हिरासत में लिया है। जिसकी पहचान सूडानी नागरिक मूर्तदा कमल हामिद मोहम्मद के रूप में हुई है। आव्रजन अधिकारियो ने बताया कि उक्त युवक भारत से नेपाल जाने के लिए डिपार्चर क्लीयरेंस लेने आव्रजन कार्यालय पहुंचा था। जिसका पासपोर्ट नंबर पी 09193792 है। जिसकी वैधता 21 मार्च 2022 से 20 मार्च 2032 तक है। जिसकी जांच के दौरान पूछताछ में विदेशी नागरिक ने बताया कि वह 2018 से भारत में रह रहा है। वह गुड़गांव स्थित स्ट्रक्स यूनिवर्सिटी से बीसीए की पढ़ाई कर रहा था। इसके लिए वह स्टूडेंट वीजा लेकर आया था, जिसकी वैधता 20 दिसंबर 2022 तक ही थी। फिलहाल अधिकारियो ने इसे हरैया थाना को सौंप दिया है,जहां उससे पूछताछ की जा रही है।



## सरकारी कार्यक्रम से विपक्ष के विधायक को न बुलाना लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ : भाकपा माले

**न्यूज़ स्केल बेटियां (प. च.)**

भाकपा माले ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पश्चिम चम्पारण आगमन पर सवाल खड़ा किया है। भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सह किसान महासभा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिले के एकमात्र विपक्षी विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (सिकटा विधानसभा) को मुख्यमंत्री के सरकारी कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं करना लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है।



उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को वाल्मीकि नगर और बेतिया में आयोजित सरकारी कार्यक्रमों में शामिल हुए, जहां 114 विकास योजनाओं जिनकी लागत करीब ₹586.67 करोड़ रुपये बतायी जा है इन योजनाओं की शुरुआत और शिलान्यास किया इस अवसर पर जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है, लेकिन विपक्ष के विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता को इससे वंचित रखा गया। सुनील कुमार राव ने कहा कि यह रवैया न केवल विपक्ष की उपेक्षा है बल्कि जनता का भी अपमान है, जिन्होंने अपने विश्वास से विधायक को विधानसभा भेजा है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा है कि भविष्य में सरकार को ऐसे गैर-लोकतांत्रिक रवैये से बचना चाहिए और सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को समान सम्मान व अवसर देना चाहिए।

# स्वदेशी सामानों की बिक्री कर बनाएं आत्मनिर्भर भारत -नित्यानंद राय

**नवादा,** (हि.स.)।भारतीय जनता पार्टी नवादा के द्वारा " जीएसटी बचत उत्सव " एवं " स्वदेशी अपनाओ अभियान " के तहत नवादा के बुद्धा रीजेंसी होटल में नवादा के प्रमुख व्यापारियों के साथ एक बैठक हुई ।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और नवादा लोकसभा सांसद विवेक ठाकुर उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने व्यापारी बंधुओं से कहा कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी जीएसटी में बदलाव किए है इससे वस्तु का मूल्य में कमी आयेगा इसे आप अपने ग्राहकों को प्रचार प्रसार करें , और आप व्यापारी बंधु से आग्रह करता हूं को आप अपने अपने प्रतिष्ठान में स्वदेशी अपनाने का बोर्ड लगाए ।साथ में अपने दुकान में एक काउंटर स्वदेशी समान का अलग से लगाए , खास करके नवादा में तीन चार दुकान बिल्कुल स्वदेशी समान को दुकान खोले जिसमें हर उपभोग का वस्तु स्वदेशी कंपनी का समान का बिक्री हो , प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी अपने देश के हर जिला का अपना प्रोडक्ट को बढ़ावा दे इससे स्थानीय रोजगार का सृजन होगा और आर्थिक मजबूती मिलेगा ।
सांसद विवेक ठाकुर ने सभी व्यापारी बंधुओं से प्रधानमंत्री जी के हाथों को मजबूत करने का आग्रह किए और आने वाला विधान सभा चुनाव में व्यापारी बंधु नवादा के पांचों सीट पर अपना मत देकर एनडीए प्रत्याशी को जीत दिलाने काकाम करें ।

# श्रीलंका यात्रा पर गए नौसेना प्रमुख ने द्विपक्षीय रक्षा संबंध बढ़ाने पर दिया जोर



**नई दिल्ली,** (हि.स.) श्रीलंका की यात्रा पर गए नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने मंगलवार को श्रीलंका के प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या से मुलाकात की और समुद्री सहयोग पर विशेष ध्यान देते हुए द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर व्यापक चर्चा की। भारत और श्रीलंका के बीच दीर्घकालिक रक्षा और समुद्री संबंधों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आधिकारिक यात्रा के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल्स कप, अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू और मिलन जैसी बहुपक्षीय पहलों में शामिल होंगे।
उन्होंने आज कोलंबो में नेशनल डिफेंस कॉलेज में प्रतिभागियों को संबोधित करके हिंद महासागर क्षेत्र में भारत और श्रीलंका के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंधों पर प्रकाश डाला। बदलती भू-राजनीति, तकनीकी प्रगति और ग्रे-ज़ोन खतरों सहित विकसित वैश्विक समुद्री गतिशीलता पर सीएनएस ने विश्वसनीय क्षमता, गहन सहयोग और तकनीकी परिवर्तन पर जोर दिया। उन्होंने भारत-श्रीलंकाई नौसैनिक तालमेल के मॉडल के रूप में समुद्री डकैती विरोधी अभियानों और नशीले पदार्थों की रोकथाम में सफल संयुक्त अभियानों का हवाला दिया और गोवा मैरीटाइम सिम्पोजियम और स्लिनेक्स जैसे प्लेटफार्मों को साझा समुद्री क्षमता के प्रमुख प्रवर्तकों के रूप में उजागर किया।
एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने 22 सितंबर को अपनी यात्रा की शुरुआत कोलंबो स्थित भारतीय शांति सेना (आईपीकेएफ) स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करके की। इस समारोह में आईपीकेएफ अभियानों के दौरान विशिष्ट सेवा देने वाले भारतीय सैनिकों के साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित किया गया। इसने भारत-श्रीलंका संबंधों के गहरे ऐतिहासिक बंधन और साझा बलिदानों को भी प्रतिबिंबित किया।
नौसेना प्रमुख ने कोलंबो में भारतीय नौसेना के स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस सतपुड़ा पर एक डेक रिसेप्शन का भी आयोजन किया, जिसमें भारत और श्रीलंका के बीच गहरे समुद्री और सांस्कृतिक संबंधों की पुष्टि की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीलंका के न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण मंत्री हर्षना नानायक्कारा और श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा उपस्थित थे।
नौसेना प्रमुख ने श्रीलंका के उप रक्षा मंत्री मेजर जनरल केपी अरुणा जयासेकरा, रक्षा सचिव एयर वाइस मार्शल संपत थुयाकोन्था (सेवानिवृत्त), श्रीलंका नौसेना के कमांडर वाइस एडमिरल कंचना बनगोडा, श्रीलंका वायु सेना के कमांडर एयर मार्शल वीबी एदिरिसिंघे और श्रीलंका सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल लासांथा रोड्रिगो से बातचीत की। इनके साथ चर्चाओं में दोनों देशों के रक्षा सहयोग और सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता बढ़ाने के साझा संकल्प को रेखांकित किया गया। मुख्य फोकस नौसैनिक सहयोग को आगे बढ़ाने, समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने और संयुक्त प्रशिक्षण एवं परिचालन तालमेल के अवसर तलाशने पर था।इन मुलाकातों ने सैन्य संबंधों को मजबूत करने, क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बेहतर समन्वय को बढ़ावा देने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# जीएसटी 2.0 के पहले दिन वाहनों की बिक्री में भारी उछाल, मारुति ने बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। देश के ऑटोमोबाइल बाजार में नवरात्रि के पहले दिन और जीएसटी 2.0 की शुरुआत ने जबरदस्त तेजी ला दी। जीएसटी दर घटने के बाद कारों की कीमतें कम होते ही शोरूम पर खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने अपनी पसंदीदा ब्रांड गाड़ियां खरीदने में कोई देरी नहीं की, जिससे कंपनियों ने रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की।

**मारुति सुजुकी ने बनाया नया बिक्री रिकॉर्ड** : मारुति सुजुकी इंडिया ने नवरात्रि के पहले दिन 30 हजार से ज्यादा वाहनों की रिटेल सेल दर्ज की। कंपनी के अनुसार डीलरशिप पर लगभग 80 हजार ग्राहकों की पूछताछ हुई और छोटी कारों की बुकिंग में 50 फीसदी से अधिक वृद्धि देखी गई। जीएसटी रेट कट का असर बिक्री पर स्पष्ट रूप से नजर आया।

**हुंडई मोटर ने पांच साल का सबसे बड़ा सेल रिकार्ड बनाया :** हुंडई मोटर इंडिया के सीओओ तरुण गर्ग ने बताया कि कंपनी ने एक ही दिन में लगभग 11 हजार गाड़ियां बेचीं, जो पिछले पांच साल का सबसे बड़ा सेल रिकार्ड है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कट का फायदा सीधे ग्राहकों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता रही।

**सेकंड हैंड कारों की बिक्री में 400 फीसदी बढ़ोतरी**
जीएसटी 2.0 की शुरुआत के मौके पर सेकंड हैंड कार मार्केट ने भी रिकॉर्ड बनाया। कार्स24 ने बताया कि दोपहर तक ही डिलिवरी 400 फीसदी बढ़ गई। सबसे अधिक मांग दिल्ली-एनसीआर में रही, इसके बाद अहमदाबाद, बेंगलुरु, पुणे और मुंबई जैसे बड़े शहरों का नंबर आया।



**टाटा मोटर्स ने पहले दिन 10 हजार वाहन बेचे** : टाटा मोटर्स के अनुसार, नए जीएसटी रेट लागू होने के बाद वाहनों की कीमतों में कमी से ग्राहकों की मांग में तेज वृद्धि हुई। नवरात्रि के पहले दिन कंपनी के डीलरों ने करीब 10 हजार यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री की।

# डॉलर की तुलना में रुपये में रिकॉर्ड गिरावट, 44 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुई भारतीय मुद्रा



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। वैश्विक स्तर पर अमेरिका के संरक्षणवादी रवैये और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण रुपये में आज तेज कमजोरी देखी गई। दिनभर के कारोबार में भारतीय मुद्रा 88.80 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गई, जबकि अंततः मामूली सुधार के बाद 88.75 रुपये प्रति डॉलर (अनंतिम) पर बंद हुई। सोमवार को रुपया 88.31 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज में रुपया सुबह 88.41 रुपये प्रति डॉलर से शुरू हुआ और कुछ समय के लिए 88.40 तक सुधार देखा गया, लेकिन नकारात्मक माहौल के चलते रिकॉर्ड निचले स्तर 88.80 तक पहुंच गया। रुपये ने ब्रिटिश पौंड और यूरो के मुकाबले भी कमजोरी दिखाई। खुराना सिक्योरिटीज के सीईओ रवि चंदर खुराना के अनुसार अमेरिका के टैरिफ़ और H-1B वीज़ा शुल्क बढ़ने से भारतीय निर्यात और IT सेक्टर प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि RBI को मुद्रा बाजार में डॉलर प्रवाह बढ़ाकर रुपये को सहारा देना चाहिए, हालांकि इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर असर पड़ सकता है।

# विटामिन डी की कमी से बढ़ सकता है ब्लड शुगर लेवल: डायबिटीज से बचने के उपाय




डायबिटीज खराब मेटाबोलिज्म से जुड़ी बीमारी है, जिसमें शरीर शुगर पचाने में असमर्थ होता है या पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं कर पाता। हाल ही के शोध में बताया गया है कि विटामिन डी की कमी डायबिटीज के जोखिम को बढ़ा सकती है। विटामिन डी इंसुलिन प्रोडक्शन को बढ़ावा देता है और शुगर मेटाबोलिज्म में तेजी लाता है, जिससे शरीर शुगर को बेहतर तरीके से पचा पाता है। यह टाइप 1 और टाइप 2 दोनों प्रकार के मधुमेह से जुड़े जोखिम को प्रभावित करता है। इसके अलावा, विटामिन बी12 और विटामिन ए भी तंत्रिका स्वास्थ्य और समग्र स्वास्थ्य में मदद करते हैं, और इनकी कमी जटिलताओं को बढ़ा सकती है।
विटामिन डी की कमी से बचने के लिए मशरूम, दूध, कद्दू के बीज और अखरोट जैसी चीजें अपने आहार में शामिल करें। ये शुगर पचाने और स्वास्थ्य बनाए रखने में मददगार हैं।

# काला नमक : सेहत के लिए फायदे और असर



काला नमक सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाने वाला मसाला नहीं है, बल्कि यह सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है। इसमें आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो शरीर के लिए लाभकारी हैं। काले नमक का सेवन वजन कम करने में मदद करता है क्योंकि इसमें एंटी-ओबेसिटी गुण पाए जाते हैं। सुबह खाली पेट पानी में काला नमक मिलाकर पीने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और कब्ज, गैस जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। यह सीने में जलन को कम करने में भी कारगर है। डायबिटीज के मरीजों के लिए काला नमक बेहतर विकल्प है क्योंकि इसमें सोडियम कम होता है और यह ब्लड शुगर नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके नियमित सेवन से ब्लड प्रेशर नियंत्रण में रहता है और बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होकर दिल की सेहत मजबूत होती है। इस तरह काला नमक सेहत और स्वाद दोनों में फायदेमंद साबित होता है।

# राशिफल : 24 सितंबर, 2025

मेष- अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय समान्य रहेगा। शुभांक-5-7-9

वृष- : बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। शुभांक-3-5-7

मिथुन- कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-2-4-6

कर्क- : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। यात्रा योग हैं। शुभांक-5-7-9

सिंह- : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-2-5-8

कन्या- :भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-5-7

तुला- : योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-2-5-7

वृश्चिक- व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्घ होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। कार्य सफल होगें। शुभांक-4-5-7

धनु-लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-3-6-8

मकर- सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। शुद्घ गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ- मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। स्त्री का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-5-8

मीन- कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। शुभांक-2-4-6

# पंचांग : 24 सितंबर, 2025

24 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र तुला में
मंगल तुला में
बुध कन्या में
गुरु मिथुन में
शुक्र सिंह में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तुला 07.33 बजे से
वृश्चिक 09.48 बजे से
धनु 12.04 बजे से
मकर 14.09 बजे से
कुंभ 15.56 बजे से
मीन 17.28 बजे से
मेष 18.59 बजे से
वृष 20.39 बजे से
मिथुन 22.37 बजे से
कर्क 00.51 बजे से
सिंह 03.07 बजे से
कन्या 05.19 बजे से
बुधवार 2025 वर्ष का 267वां दिन
दिशाशूल उत्तर
ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082
शक संवत् 1947
मास आश्विन पक्ष शुक्ल
तिथि तृतीया अहोरात्र।
नक्षत्र चित्रा 16.17 बजे को समाप्त।
योग इन्द्र 21.03 बजे को समाप्त।
करण तैतिल 17.57 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 02.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 000 29
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872477
जूलियन दिन 2460942.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना रबी उस्सानी
तारीख 01

# सीआरपीएफ के डीजी ने लाल चौक से महिला बाइक अभियान को दिखाई हरी झंडी




**श्रीनगर,** (हि.स.)। सीआरपीएफ के महानिदेशक जीपी सिंह ने मंगलवार को श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक से महिला बाइक अभियान के तीसरे संस्करण को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिलाओं का यह दल श्रीनगर से खारदुंग ला (17,600 फीट) होते हुए पैंगोंग त्सो तक लगभग 1,400 किलोमीटर की दूरी तय करके वापस आएगा। प्रवक्ता के मुताबिक यह कार्यक्रम सीआरपीएफ की अपनी महिला कर्मियों में गर्व की भावना पैदा करने, उनकी शारीरिक और मानसिक सहनशक्ति का परीक्षण करने के लिए शुरू किए गए विशेष महिला बाइक अभियानों की श्रृंखला का हिस्सा है। पहला अभियान मार्च, 2023 में दिल्ली से जगदलपुर तक आयोजित किया गया था। उसके बाद दूसरा सितंबर, 2023 में श्रीनगर, शिलांग और कन्याकुमारी से केवडिया तक के मार्गों को कवर करते हुए आयोजित किया गया था। ध्वजारोहण के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीआरपीएफ महानिदेशक ने महिला कर्मियों को बधाई दी कि वे कश्मीर के इस ऐतिहासिक स्थल से 17,600 फीट की ऊंचाई वाले मोटरसाइकिल अभियान पर जा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि अभियान में शामिल 98 महिलाएं श्रीनगर से पैंगोंग झील तक जाएंगी और वहां से वापस लौटेंगी। यह अभियान 23 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें लद्दाख और कश्मीर के कुछ सबसे कठिन इलाकों से होकर गुज़रना होगा।

## इंदौर में पांच मंजिला मकान धंसा, मलबे में दबे दो लोगों की मौत, 12 को बचाया गया



**इंदौर (मध्य प्रदेश),** (हि.स.)। देश में मिनी मुंबई के नाम से प्रसिद्ध इंदौर शहर के रानीपुरा क्षेत्र में जवाहर मार्ग पर प्रेमसुख टॉकीज के पीछे एक पांच मंजिला मकान धंसने से दो लोगों की मौत हो गई। मलबे में दबे कुल 14 लोगों में से 12 को बचा लिया गया है। इसकी पुष्टि कलेक्टर शिवम वर्मा ने की। उन्होंने बताया कि बचाए गए लोगों में से एक के पैर में गंभीर चोट आई है और उसका उपचार किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा रात लगभग नौ बजे जवाहर मार्ग में झंडा चौक के पास दौलतगंज में प्रेम टॉकीज के पीछे हुआ। सूचना मिलते ही नगर निगम और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचे। तीन जेसीबी के माध्यम से राहत और बचाव अभियान शुरू किया गया। आसपास के लोगों के मुताबिक, इस मकान में छह परिवार रहते हैं। राहत और बचाव अभियान में एसडीईआरएफ की टीम की भी मदद ली गई।

## पोरबंदर में मालवाहक जहाज आग की लपटों में घिरा



**पोरबंदर (गुजरात),** (हि.स.)। गुजरात के पोरबंदर के तट पर समुद्र में एक मालवाहक जहाज आग की लपटों में घिरा हुआ है। जनहानि से बचने के लिए प्रशासन ने एहतियात के तौर पर चौपाटी पर लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है।

अधिकारियों के अनुसार, पोरबंदर के तट पर सुबह एक मालवाहक जहाज में भीषण आग लग गई। जामनगर से आए 'हरि दर्शन' नामक जहाज में लगी आग बुझ नहीं पाई है। घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस प्रमुख समेत उच्चाधिकारी तुरंत चौपाटी पर पहुंचे।

जलते हुए जहाज से अभी भी धमाकों की आवाज आ रही है। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, ये धमाके जहाज में लगे एलपीजी सिलेंडरों की वजह से हो रहे हैं। अधिकारियों का कहना है आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## पीएमजेएवाई के 7 साल पूरे, 55 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचा लाभ

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

**01: जेपी नड्डा ने इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल और सर्वसुलभ स्वास्थ्य कवरेज बताया।**

**02: योजना 10 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक अस्पताल में भर्ती कवरेज देती है।**

**03 : देशभर में 7,000 से अधिक एम्पैनल अस्पताल और 1.8 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से कैशलेस इलाज उपलब्ध है।**



आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) आज सात वर्ष पूर्ण कर चुकी है। यह दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुरू किया था। अब तक 55 करोड़ से अधिक लाभार्थियों तक इसका लाभ पहुँच चुका है।

**सर्वसुलभ स्वास्थ्य कवरेज** यह योजना अब 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को उनके सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करती है। योजना परिवारों के लिए भरोसेमंद मित्र की तरह रही है, जिसने कठिन समय में उन्हें आर्थिक और चिकित्सकीय सहायता प्रदान की है।

**मुख्य लाभ और उपलब्धियां** आयुष्मान भारत योजना 10 करोड़ से अधिक परिवारों को कवर करती है। यह प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक अस्पताल में भर्ती खर्च को कवर करती है और देशभर में 7,000 से अधिक एम्पैनल अस्पतालों में कैशलेस इलाज सुनिश्चित करती है। देश में 1.8 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से इस पहल ने स्वास्थ्य सेवा को नई पहचान दी है और लाखों लोगों को सुरक्षित, विश्वसनीय और सम्मानजनक चिकित्सा सेवा प्रदान की है।

**स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल** : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने अपने संदेश में कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित यह योजना स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांति साबित हुई है। उन्होंने बताया कि योजना के सफल सात वर्ष देशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## झाड़ग्राम : 400 वर्ष पुरानी परंपरा, रात में होती है प्रहराज राजबाड़ी में नवपत्रिका पूजा

**झाड़ग्राम,** (हि. स.)। जिले के गोपीबल्लभपुर-2 ब्लॉक स्थित बेलियाबेड़ा प्रहराज राजबाड़ी में चार शताब्दियों से नवपत्रिका पूजा की प्राचीन परंपरा जीवित है। यहां सप्तमी से लेकर दशमी तक प्रतिदिन सूर्यास्त के बाद देवी की रात्रिकालीन आराधना होती है। पूजा की इस अद्वितीय रीति में प्रतिमा की नहीं, बल्कि नवपत्रिका की उपासना की जाती है।

मंदिर प्रांगण डुलुंग नदी के तट पर स्थित है। षष्ठी के दिन बेलवरण उत्सव सम्पन्न होता है, जबकि सप्तमी की सुबह डुलुंग नदी से घट भरकर लाया जाता है। दिनभर हवन और चंडीपाठ चलता है तथा सूर्यास्त के बाद देवी की आराधना प्रारंभ होती है। अष्टमी, नवमी और दशमी की संधिक्षण में परंपरा अनुसार चालकुमड़ा (कद्दू) बलि दी जाती है। पूजा पूर्ण होने पर कुलपुरोहित देवी को पान और नारियल का जल अर्पित करते हैं। इस अनूठी परंपरा का सूत्रपात राजवंश के संस्थापक निमाईचांद प्रहराज ने किया था। कहा जाता है कि वे कभी उड़ीसा के राजा प्रतापरुद्र देव के सभासद थे और भाग्य अन्वेषण करते हुए बेलियाबेड़ा पहुंचे थे। स्थानीय मल्लराजा से भेंट के बाद उनका जीवन बदल गया।

प्रचलित कथा के अनुसार, उन्होंने अपनी पहचान छिपाकर राजदरबार में पाकशास्त्र का कार्य किया। राजा उनके भोजन से प्रसन्न हुए और उन्हें 'प्रहराज' की उपाधि दी। इसके बाद राजपरिवार की समृद्धि के लिए नवपत्रिका पूजा का शुभारंभ हुआ, जो आज तक चली आ रही है।

परंपरा में अनेक ऐतिहासिक प्रसंग जुड़े हैं। चौदहवें प्रहराज गोविंदराम ने बर्गी आक्रमण का प्रतिकार करने के लिए अपनी सेना तैयार की थी।



इक्कीसवें प्रहराज कृष्णचंद्र ने संस्कृत में रचित ग्रंथ दुर्गोत्सव तरंगिणी का बांग्ला में अनुवाद कर साहित्य को अमूल्य निधि प्रदान की।

स्थानीय शिक्षक सुब्रत महापात्र का कहना है कि प्रहराज राजबाड़ी की नवपत्रिका पूजा अपने आप में विलक्षण है। इसमें इतिहास, संस्कृति और अध्यात्म का अद्भुत संगम दिखाई देता है।

## कोलकाता : रातभर मूसलाधार बारिश के बीच करंट लगने से 5 लोगों की मौत, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कोलकाता,** (हि.स.)।

**01: अलग-अलग इलाकों में करंट हादसों में 5 लोगों की मौत, प्रभावित परिवारों को राहत दी जा रही।**

**02 : सीईएससी ने लोगों से अपील की कि जलजमाव वाली सड़कों और बिजली के खंभों से दूर रहें।**

सोमवार रात से लगातार हुई तेज बारिश के कारण कोलकाता और आसपास के इलाके जलमग्न हो गए। जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और रेल-मेट्रो सेवाएं भी प्रभावित हुईं।



**करंट हादसों में मौतें** : नेताजी नगर में एक साइकिल सवार और कालिकापुर, बालीगंज, बिनियापुकुर में तीन अन्य लोगों की करंट से मौत हो गई। एकबालपुर में 60 वर्षीय जितेंद्र सिंह भी करंट की चपेट में आ गए और अस्पताल में मृत घोषित हुए।

**यातायात पर असर** : बरसात के कारण कई इलाकों की सड़कें जलमग्न और रेल-मेट्रो सेवाएं प्रभावित रहीं। प्रशासन राहत कार्यों में जुटा हुआ है।

**प्रशासन और चेतावनी** : सीईएससी ने लोगों से अपील की है कि जलजमाव वाली सड़कों पर बिजली के खंभों और तारों से दूर रहें। किसी भी आपात स्थिति में 033-3501-1912 नंबर पर संपर्क करें।

## राजस्थान की जोजरी नदी में जहरीले पानी के मुद्दे पर 9 अक्टूबर को फैसला सुनाएगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान की जोजरी नदी में औद्योगिक कचरे के कारण जल प्रदूषण के मामले में 9 अक्टूबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने राजस्थान सरकार को इस संबंध में नोट दाखिल करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने 16 सितंबर को स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा था कि आसपास की फैक्ट्रियों से निकलने वाला कचरा



सीधे नदी में गिराया जा रहा है। इसका असर सैकड़ों गांवों के पीने योग्य पानी और स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। अदालत ने बताया कि वस्त्र और टाइल्स फैक्ट्रियों का कचरा जोजरी नदी में मिल रहा है, जिससे लोगों औ पशुओं के लिए पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।

जोजरी नदी नागौर जिले के पोंडलू गांव के पास से निकलती है और जोधपुर व बाड़मेर जिलों से होकर लूनी नदी में मिलती है। कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मसले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, ताकि प्रदूषण की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

## ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने श्रीनगर के हजरतबल दरगाह का किया दौरा

**श्रीनगर,** (हि.स.)। ऑस्ट्रेलिया के राजनयिकों और वरिष्ठ अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को श्रीनगर के हजरतबल दरगाह का दौरा किया। दरगाह प्रबंधन के सदस्यों ने आगंतुकों को हज़रतबल दरगाह के इतिहास और पवित्रता के बारे में जानकारी दी। ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधमंडल का औपचारिक स्वागत जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. दरखशा अंद्राबी, अन्य स्थानीय प्रशासकों और दरगाह प्रबंधन के सदस्यों ने किया। दरगाह में मौजूद अधिकारियों ने कहा कि राजनयिकों ने हज़रतबल से जुड़ी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में जानने में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने दरगाह के आध्यात्मिक वातावरण की सराहना की और इसे कश्मीर की समग्र सांस्कृतिक पहचान का एक अनूठा प्रतीक बताया। डॉ. अंद्राबी ने हज़रतबल की भक्ति और शांति के केंद्र के रूप में भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दरगाह न केवल अपार धार्मिक महत्व का स्थान है, बल्कि सद्भाव का प्रतीक भी है। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के इस दौरे को व्यापक सांस्कृतिक जुड़ाव के हिस्से के रूप में देखा गया, जो व्यापार और कूटनीति से परे भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते संबंधों को दर्शाता है।--



# बांग्लादेश फरवरी में संसदीय चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार, प्रो. यूनुस ने अमेरिकी विशेष दूत गोर से मुलाकात में साझा की योजना

**न्यूयॉर्क (अमेरिका),** (हि.स.)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को यहां दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी विशेष दूत और भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। मुख्य सलाहकार प्रो. यूनुस ने उन्हें बताया कि बांग्लादेश अगले संसदीय चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है और अंतरिम सरकार स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां कर रही है।

बांग्लादेश के द डेली स्टार अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यूनुस ने न्यूयॉर्क में एक बैठक के दौरान सर्जियो गोर से कहा, "चुनाव फरवरी में होंगे। यह स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होगा। देश पूरी तरह तैयार है।"

मुख्य सलाहकार के उप प्रेस सचिव अबुल कलाम आजाद मजूमदार ने बताया कि सर्जियो गोर ने मुख्य सलाहकार के नेतृत्व की सराहना की और देश के प्रयासों का समर्थन करने की अमेरिका की इच्छा दोहराई।

बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने व्यापार, दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग, सार्क के पुनरुद्धार, रोहिंग्या संकट और ढाका को निशाना बनाकर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं सहित कई द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। मुख्य सलाहकार ने कॉक्स बाजार शिविरों में रह रहे दस लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए अमेरिका से निरंतर समर्थन की मांग की। गोर ने आश्वासन दिया कि रोहिंग्याओं के लिए उनकी जीवन रक्षक सहायता जारी रहेगी।

यूनुस ने बताया कि अंतरिम सरकार ने सार्क को पुनर्जीवित करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। उन्होंने आसियान में शामिल होने में बांग्लादेश की रुचि भी व्यक्त की और कहा कि दक्षिण-पूर्व एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के साथ एकीकरण से देश के विकास में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा उन्होंने नेपाल और भूटान के साथ-साथ भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों के साथ आर्थिक संबंधों को मज़बूत करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "हम घनिष्ठ क्षेत्रीय सहयोग के माध्यम से अपने आर्थिक विकास को गति दे सकते हैं।"

मुख्य सलाहकार ने सर्जियो गोर को सुविधानुसार शीघ्र बांग्लादेश आने का निमंत्रण दिया। यूनुस सोमवार दोपहर (न्यूयॉर्क समय) जॉन एफ कैनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। वह संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। अमेरिका में बांग्लादेश के राजदूत तारिक मोहम्मद अरिफुल इस्लाम ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। उनके साथ एक प्रतिनिधिमंडल भी यात्रा पर है। प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और उच्च अधिकारी शामिल हैं।

विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने बताया कि मुख्य सलाहकार 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण देंगे। 30 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र पहली बार म्यांमार में रोहिंग्या मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों की स्थिति पर एक उच्च-स्तरीय सम्मेलन आयोजित करेगा। मुख्य सलाहकार के दो अक्टूबर को स्वदेश लौटने की संभावना है।

## बुलेटिन बॉक्स

» सुप्रीम कोर्ट का फैसला – अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने संघीय व्यापार आयुक्त रेबेका स्लॉटर की बर्खास्तगी को बरकरार रखा।

---

» चक्रवात रागासा – उत्तरी फ़िलीपींस तबाही के बाद चीन और ताइवान की ओर बढ़ रहा है।

---

» पाकिस्तान पीएम न्यूयॉर्क यात्रा – शहबाज शरीफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मुस्लिम नेताओं से मुलाकात करेंगे।

---

» भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर – अमेरिकी और यूरोपीय नेताओं के साथ न्यूयॉर्क में बैठकें कर रहे हैं।

# जयशंकर की न्यूयॉर्क में अमेरिकी विदेशमंत्री रुबियो और यूरोपीय संघ के नेताओं से मुलाकात

**न्यूयॉर्क (अमेरिका),** (हि.स.)।

**01: बातचीत में द्विपक्षीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों, बहुपक्षवाद, भारत-ईयू साझेदारी, यूक्रेन और गाजा सहित ऊर्जा व व्यापार पर चर्चा हुई।**

भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को यहां अमेरिकी विदेशमंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की। इसके अलावा उनकी यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ मुलाकात हुई। जयशंकर ने इस अवसर के फोटो और संक्षिप्त विवरण अपने एक्स हैंडल पर साझा किए हैं।

जयशंकर ने एक्स पोस्ट में लिखा, " आज सुबह न्यूयॉर्क में अमेरिकी विदेशमंत्री मार्को रुबियो से मिलकर खुशी हुई। हमारी बातचीत में वर्तमान चिंता के कई द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रगति के लिए निरंतर सहयोग के महत्व पर सहमति हुई। हम संपर्क में बने रहेंगे। " उन्होंने एक अन्य पोस्ट में यूरोपीय संघ के नेताओं से मुलाकात पर खुशी जताई।

जयशंकर ने दूसरी पोस्ट में लिखा, " आज न्यूयॉर्क में यूरोपीय संघ के विदेशमंत्रियों की अनौपचारिक बैठक में उनसे मिलकर मुझे खुशी हुई। यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास को मेजबानी के लिए धन्यवाद। यह बहुपक्षवाद, भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी, यूक्रेन



संघर्ष, गाजा, ऊर्जा और व्यापार पर विचारों के खुले आदान-प्रदान का अवसर रहा।" भारतीय विदेशमंत्री जयशंकर की इन नेताओं से यह बातचीत ऐसे समय पर हुई, जब संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) का उच्चस्तरीय 80वां सत्र शुरू होने वाला है। रुबियो से उनकी मुलाकात लोटे न्यूयॉर्क पैलेस में हुई। रुबियो और जयशंकर के बीच यह बैठक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने के बाद आमने-सामने की पहली मुलाकात है। इसके साथ ही भारत पर अमेरिकी टैरिफ बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। जयशंकर 27 सितंबर को यूएनजीए मंच से वक्तव्य देंगे।

# चक्रवाती तूफान रागासा ने किया चीन और ताइवान का रुख

**हांगकांग सिटी/मनीला/बीजिंग,** (हि.स.)। चक्रवाती तूफान रागासा उत्तरी फ़िलीपींस के कई गांवों को तबाह करने के बाद अब चीन के दक्षिणी हिस्सों और ताइवान की ओर बढ़ रहा है। हांगकांग मौसम सेवा के अनुसार मंगलवार तड़के दक्षिण चीन सागर में तूफान के कारण 220 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज़ हवाएं चल रही थीं। शहर के मौसम विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि रागासा हांगकांग के लिए गंभीर खतरा पैदा करेगा और इसकी तीव्रता 2017 के हातो और 2018 के मंगखुट तूफानों के स्तर तक पहुंच सकती है।



**हांगकांग में तैयारी और उड़ान प्रभावित** : हांगकांग हवाई अड्डा प्राधिकरण ने बताया कि मंगलवार रात से बुधवार तक उड़ानों का परिचालन प्रभावित रहेगा। कैथे पैसिफिक की 500 से अधिक उड़ानों के रद्द होने की संभावना है। मौसम सेवा ने रागासा को आठवें सिग्नल पर रखा है। आठ और दस सिग्नल बेहद खतरनाक स्थिति के लिए जारी किए जाते हैं, जिससे व्यवसाय और परिवहन प्रभावित हो सकते हैं।

**ताइवान और चीन में खतरा**
ताइवान में पूर्वी हिस्से में तेज मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गई है। दक्षिणी चीनी शहर शेन्ज़ेन में निचले क्षेत्रों में रहने वाले लगभग चार लाख लोगों को सुरक्षित स्थलों पर पहुंचाया गया। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रागासा बुधवार को शेन्ज़ेन और ग्वांगडोंग प्रांत के तटीय क्षेत्रों में दस्तक देगा।

**फ़िलीपींस में तबाही और प्रतिक्रिया** : रागासा के कारण उत्तरी फ़िलीपींस में बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम तीन लोगों की मौत हो चुकी है और पांच अन्य लापता हैं। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने सरकारी कामकाज स्थगित करने और सभी स्कूल-कॉलेज बंद करने का आदेश दिया। भारी बारिश और 295 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज़ हवाओं के कारण हजारों लोग पलायन के लिए मजबूर हुए और बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई।

# फ्रांस के कई शहरों में फिलिस्तीनी झंडा नहीं फहराने की सरकारी चेतावनी का उल्लंघन

**पेरिस,** (हि.स.)। फ्रांस में सोमवार को 80 से अधिक नगरपालिकाओं ने फिलिस्तीनी ध्वज फहराया, जबकि सरकार ने इसे न करने की चेतावनी जारी की थी। यह कदम राष्ट्रपति एमानुएल मैक्रों द्वारा न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने की तैयारी के बीच आया है। इस मान्यता की घोषणा ने इजराइल में राजनीतिक स्तर पर कड़ी आलोचना को जन्म दिया है। फ्रांस के बड़े शहरों – जैसे ल्योन, नांतेस, रेन और बेसांकॉन के नगरपालिकाओं ने फिलिस्तीनी झंडा फहराया। पेरिस में भी वामपंथी नगर परिषद के सदस्यों ने मेयर एन हिदाल्गो के विरोध के बावजूद आधे घंटे के लिए सिटी हॉल पर झंडा लगाया।

अंदरूनी मंत्रालय ने बताया कि देशभर की 34,875 नगरपालिकाओं में से केवल 86 नगरपालिकाओं ने फ़िलिस्तीनी ध्वज फहराया। मंत्रालय ने इस कदम को सरकारी आदेश की अवहेलना बताया है।

फ्रांस में यह घटना देश में फिलिस्तीनी मुद्दे पर बढ़ती संवेदनशीलता और स्थानीय राजनीति में इसे लेकर अलग-अलग रुझानों को उजागर करती है।

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने संघीय व्यापार आयुक्त रेबेका स्लॉटर को बर्खास्त करने के ट्रंप के फैसले को बरकरार रखा

**वाशिंगटन (अमेरिका),** (हि.स.)। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 6-3 के बहुमत से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघीय व्यापार आयुक्त रेबेका स्लॉटर को बर्खास्त करने के फैसले को अंतरिम रूप से बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में इस मामले की पूरी समीक्षा दिसंबर में होने वाली सुनवाई में करने का संकेत दिया।

**रूढ़िवादी और उदारवादी दृष्टिकोण** : रूढ़िवादी बहुमत ने अपने आदेश की व्याख्या नहीं की, लेकिन यह हालिया फैसलों के अनुरूप माना जा रहा है, जिसमें राष्ट्रपति को स्वतंत्र एजेंसियों के कर्मचारियों को बर्खास्त करने की व्यापक शक्ति दी गई। न्यायाधीश एलेना कागन, सोनिया सोतोमयोर और केतनजी ब्राउन जैक्सन ने इस फैसले से असहमति जताई। कागन ने कहा कि राष्ट्रपति बिना किसी कारण किसी संघीय व्यापार आयुक्त को नहीं हटा सकते।

**अन्य बर्खास्त अधिकारियों के मामले** : सुप्रीम कोर्ट ने अन्य बर्खास्त अधिकारियों की त्वरित अपीलों पर विचार करने से इनकार कर दिया। इनमें मेरिट सिस्टम्स प्रोटेक्शन बोर्ड की सदस्य कैथी हैरिस और नेशनल लेबर रिलेशंस बोर्ड की सदस्य ग्वेने विलकॉक्स शामिल हैं। कोर्ट दिसंबर में इन मामलों पर



विस्तृत निर्णय देगा।

# दक्षिण कोरिया की पूर्व प्रथम महिला को उपहार देने के मामले में यूनिफिकेशन चर्च की प्रमुख हान हक-जा गिरफ्तार

**सियोल (दक्षिण कोरिया),** 23 सितंबर (हि.स.)। दक्षिण कोरिया की सबसे शक्तिशाली धार्मिक संस्था यूनिफिकेशन चर्च की प्रमुख हान हक-जा को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल भेज दिया गया। उन्हें सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पेश किया गया, जहां अदालत ने उनकी हिरासत का आदेश दिया।

**1. भ्रष्टाचार के आरोप** : अभियोजकों का कहना है कि हान हक-जा ने 2022 में पीपल पावर पार्टी के सांसद क्वेओन सियोंग-डोंग को 10 करोड़ वॉन देने की साजिश रची। आरोप है कि यह पैसे राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर चर्च को लाभ पहुंचाने के लिए दिए जाने थे। हान ने कथित तौर पर चर्च अधिकारियों को किम कियोन को महंगे हैंडबैग और आभूषण देने का आदेश भी दिया।

**2. कोर्ट और हिरासत प्रक्रिया** : हान को व्हीलचेयर में कोर्ट में पेश किया गया। अधिकारियों ने कहा कि बाहर रहने से सबूत नष्ट होने का खतरा था। कोर्ट ने अभियोजकों की मांग स्वीकार कर हान को जेल भेजने का आदेश दिया।



**3. राजनीतिक और धार्मिक असर** : यह गिरफ्तारी दक्षिण कोरिया में राष्ट्रपति येओल से जुड़े भ्रष्टाचार जांच का महत्वपूर्ण मोड़ मानी जा रही है। चर्च ने आरोपों का खंडन किया है, लेकिन मामला राजनीतिक और धार्मिक प्रतिष्ठान में हड़कंप मचा रहा है।

# ICC महिला वनडे रैंकिंग्स में बड़ा उलटफेर



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। आईसीसी ने महिला वनडे रैंकिंग्स का नया अपडेट जारी किया है, जिसमें कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान-दक्षिण अफ्रीका सीरीज के शानदार प्रदर्शन का सीधा असर खिलाड़ियों की पोज़िशन पर पड़ा है।

**स्मृति मंधाना का दबदबा कायम** : भारतीय स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो शतक जड़ते हुए अपने करियर की बेस्ट 818 रेटिंग प्वॉइंट्स हासिल किए हैं। वह महिला वनडे बल्लेबाजों की सूची में नंबर-1 पर मजबूती से कायम हैं।

**बाकी खिलाड़ियों की स्थिति**

पाकिस्तान की सिद्रा अमीन 10 पायदान चढ़कर 13वें नंबर पर पहुंच गईं, जो उनके करियर की बेस्ट रैंकिंग है।

ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी तीसरे स्थान पर पहुंची हैं। इंग्लैंड की नैट साइवर-ब्रंट दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। लौरा वोल्वार्ड्ट (4) और एलिस पेरी (5) एक-एक स्थान फिसल गईं।

**गेंदबाजी और ऑलराउंडर रैंकिंग** : भारत की दीप्ति शर्मा दो स्थान चढ़कर पांचवें नंबर पर पहुंचीं। युवा गेंदबाज क्रांति गौड़ 23 पायदान की छलांग के साथ 39वें स्थान पर आ गईं। दक्षिण अफ्रीका की अयाबोंगा खाका 15वें नंबर पर पहुंचीं।

ऑलराउंडर रैंकिंग में मरिजाने कैप दूसरे नंबर पर पहुंचीं, जबकि सोफी एक्लेस्टोन 795 प्वॉइंट्स के साथ नंबर-1 गेंदबाज बनी हुई हैं।

**ताजमिन ब्रिट्स की बड़ी छलांग** : दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स ने पाकिस्तान के खिलाफ लगातार दो नाबाद शतक जड़े। इसके दम पर वह 15 पायदान चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। उनके 669 रेटिंग पॉइंट्स हैं और साल 2025 में वह अब तक 91.85 की औसत से 643 रन बना चुकी हैं।

## पीएसजी स्टार डेम्बेले ने जीता बैलन डी 'ओर 2025 अवॉर्ड

**पेरिस,** (हि.स.)। फ्रांस के फॉरवर्ड उस्मान डेम्बेले ने सोमवार को फुटबॉल का सबसे प्रतिष्ठित व्यक्तिगत अवॉर्ड बैलन डी'ओर जीत लिया। उन्हें यह पुरस्कार पिछले सीजन में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) को चैंपियंस लीग ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाने के लिए मिला।



28 वर्षीय डेम्बेले ने बार्सिलोना और स्पेन के किशोर सनसनी लामिन यामल को पीछे छोड़ते हुए यह खिताब अपने नाम किया। वे मैनचेस्टर सिटी और स्पेन के मिडफील्डर रॉड्री के उत्तराधिकारी बने, जिन्होंने 2024 में यह ट्रॉफी जीती थी। डेम्बेले, जो पहले बोरुसिया डॉर्टमुंड और बार्सिलोना के लिए खेल चुके हैं, 2018 में विश्व कप जीतने वाली फ्रांस टीम का भी हिस्सा थे। बीते सीजन में उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं में कुल 35 गोल किए और पीएसजी को पहली बार क्लब इतिहास में चैंपियंस लीग, साथ ही फ्रेंच लीग और कप डबल जिताने में अहम योगदान दिया।

इमोशनल डेम्बेले ने अवॉर्ड जीतने के बाद कहा, "मेरे पास सच में शब्द नहीं हैं। पीएसजी के साथ यह सीजन अविश्वसनीय था। यह व्यक्तिगत ट्रॉफी है, लेकिन असल में इसे पूरी टीम ने जीता है। बैलन डी'ओर मेरा करियर का लक्ष्य कभी नहीं रहा, लेकिन मैंने चैंपियंस लीग जिताने के लिए कड़ी मेहनत की।"

डेम्बेले ने अपने कोच लुइस एनरिके को "पिता जैसा" बताते हुए उनका भी आभार जताया।

इसी समारोह में 18 वर्षीय लामिन यामल को लगातार दूसरी बार कोपा ट्रॉफी से नवाजा गया, जो 21 साल से कम उम्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दी जाती है। यामल 2023 में बार्सिलोना से सीनियर फुटबॉल में उतरे थे और उस वक्त डेम्बेले उनके साथी खिलाड़ी थे।

## महिला वनडे विश्व कप 2025: ग्रेस हैरिस ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर, हीथर ग्राहम हुईं शामिल



**नई दिल्ली,** (हि.स.)।आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 से पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को बढ़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम की ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस कॉल्फ स्ट्रेन के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। यह चोट उन्हें भारत के खिलाफ पिछले सप्ताह हुए मैच के दौरान लगी।

ग्रेस हैरिस अपनी पावर-हिटिंग और गेंदबाजी दोनों के लिए जानी जाती हैं। उनकी टी-20 अंतरराष्ट्रीय में स्ट्राइक रेट 155.52 है और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 21 विकेट भी लिए हैं। उनका स्थान अब हीथर ग्राहम ने ले लिया है। हीथर ग्राहम फास्ट-बॉलिंग ऑलराउंडर हैं और उन्होंने महिला नेशनल क्रिकेट लीग में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती दो मैच खेले हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक उनकी 6 पारियों में 9 विकेट हैं।

**ऑस्ट्रेलिया की टीम:**
एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, ऐश गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फोबी लिचफील्ड, ताल्हिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मून, एलिस पेरी, मेगन शुट, एन्नाबेल सुदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहम।

## स्पेन की आइटाना बोनमती ने लगातार तीसरी बार जीता महिला बैलन डी 'ओर का खिताब



**पेरिस,** (हि.स.)। पेरिस में सोमवार को आयोजित समारोह में स्पेन और बार्सिलोना की स्टार मिडफील्डर आइटाना बोनमती ने लगातार तीसरी बार महिला बैलन डी'ओर का खिताब अपने नाम किया।

27 वर्षीय बोनमती ने अपनी हमवतन साथी मारियोना कालदेंतेई को पीछे छोड़ा, जो इंग्लैंड के खिलाफ महिला यूरो 2025 फाइनल में स्पेन की पेनाल्टी शूटआउट हार के बावजूद दमदार प्रदर्शन कर रही थीं। हालांकि क्लब स्तर पर बोनमती को निराशा झेलनी पड़ी और उनकी टीम बार्सिलोना महिला चैंपियंस लीग फाइनल में कालदेंतेई की आर्सेनल से हार गई।

यूरो 2025 में बोनमती को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जबकि शुरुआत के दो मैच वह वायरल मैनिनजाइटिस से उबरने के कारण नहीं खेल पाई थीं। इस पुरस्कार में इंग्लैंड की चैंपियन टीम की स्ट्राइकर अलेसिया रूसो तीसरे स्थान पर रहीं।

महिला बैलन डी'ओर 2018 से शुरू हुआ था और अब तक सिर्फ नॉर्वे की आडा हेगरबर्ग और अमेरिका की मेगन रापिनो ही इसे जीत पाई हैं। इससे पहले बार्सिलोना और स्पेन की एलेक्सिया पुटेयास ने लगातार दो बार यह ट्रॉफी जीती थी।

बोनमती अब फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेस्सी और मिशेल प्लातिनी की उस खास सूची में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने लगातार तीन बार बैलन डी'ओर जीता है।

## केएल राहुल गोवा गार्डियंस के सह-मालिक बने, चौथे पीवीएल सत्र से पहले लीग में पदार्पण

पुणजी, (हि.स.) – आरआर केबल प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के चौथे सत्र से पहले भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल को गोवा गार्डियंस टीम का सह-मालिक बनाया गया है। यह लीग का चौथा सीजन है और गोवा गार्डियंस इस बार पहली बार इसमें हिस्सा ले रही है। राहुल ने कहा कि पीवीएल भारत में वॉलीबॉल के लिए एक 'टर्निंग पॉइंट' है और उनका उद्देश्य इस खेल को वह मान्यता और स्क्रीन टाइम दिलाना है, जिसके यह हकदार है। गोवा एक खेल-प्रेमी क्षेत्र है, जहाँ वॉलीबॉल को व्यापक लोकप्रियता मिली है। इसी कारण गोवा गार्डियंस स्थानीय और कोंकण क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। राहुल का कहना है कि गोवा की "जीवंत खेल संस्कृति" नई प्रतिभाओं को प्रेरित करने के लिए आदर्श है। गोवा गार्डियंस के प्रिंसिपल ओनर राजू चेकुरी ने कहा, "केएल राहुल के जुड़ने से हमारी फ्रैंचाइजी प्रशंसकों के लिए प्रेरक और खिलाड़ियों के लिए सशक्त बनेगी। वॉलीबॉल दुनिया के सबसे ज्यादा खेले जाने वाले खेलों में से एक है, और सही मंच मिलने पर यह भारत की अगली ओलिंपिक सफलता बन सकता है।" प्रबंध निदेशक राजू चेकुरी ने कहा कि राहुल के साथ जुड़ने से वॉलीबॉल की पहचान बढ़ेगी और देशभर के युवा खिलाड़ियों को नए अवसर मिलेंगे। पीवीएल के सीईओ जॉय भट्टाचार्य ने भी कहा कि राहुल का समर्थन खेल के विकास को तेज करेगा और अधिक दर्शकों को आकर्षित करेगा।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंचीं भारतीय महिला क्रिकेटर दीप्ति शर्मा




**नई दिल्ली,** (हि.स.) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में भारतीय महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बाद आईसीसी वनडे महिला रैंकिंग्स में कई खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय प्रगति की है। दीप्ति शर्मा दो स्थान ऊपर उठकर पांचवें स्थान (651 अंक) पर पहुंच गई हैं। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने भी 23 पायदान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर जगह बनाई।

**स्मृति मंधाना और बेथ मूनी की बढ़त** : भारतीय बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना ने लगातार दो शतकों की बदौलत अपनी करियर की उच्चतम रेटिंग 818 अंक पर पहुंचाई। बेथ मूनी दो स्थान ऊपर उठकर 727 अंक के साथ शीर्ष दो में शामिल हुई हैं। पाकिस्तानी बल्लेबाज सिदरा अमीन ने तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 पायदान की छलांग लगाई और 13वें स्थान पर पहुंचीं।

**दुनिया भर की खिलाड़ियों का असर** : दक्षिण अफ्रीका की ताज़मीन ब्रिट्स ने 15 स्थान ऊपर उठकर छठे स्थान पर कब्ज़ा किया। ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल 28 स्थान ऊपर आ गईं। ऑलराउंडर रैंकिंग में ऐश गार्डनर दूसरे स्थान पर पहुंचीं, जबकि ताहलिया मैकग्राथ नौ स्थान ऊपर चढ़कर 30वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## ICC ने टीम इंडिया पर लगाया भारी जुर्माना, वर्ल्ड कप से पहले बढ़ीं मुश्किलें

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। ICC ने वूमेन्स वर्ल्ड कप 2025 से पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मैच, 14-20 सितंबर दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, भारत ने 43 रनों से गंवाया। इस मैच में उपकप्तान स्मृति मंधाना ने 125 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं।



ICC ने मैच रैफरी जीएस लक्ष्मी के अनुसार, टीम के निर्धारित समय पर लक्ष्य से दो ओवर पीछे रहने पर खिलाड़ियों पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फैसला स्वीकार कर लिया। इस अनुशासनात्मक कार्रवाई के बीच टीम इंडिया 30 सितंबर से गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ वर्ल्ड कप 2025 में अपना अभियान शुरू करेगी। कुल 8 टीमें इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।